संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

25 अगस्त 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 328

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

सीजेपी ने देशव्यापी आंदोलन का किया आह्वान

नई दिल्ली । कॉकरोच जनता पार्टी ने पांच सितंबर 2026 को नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन मार्च का एलान किया है। संगठन के मुताबिक मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। सीजेपी का आरोप है कि आंदोलन भरोसे के आधार पर वापस लिया गया था, लेकिन एक महीने बाद भी सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।

सावन के आखिरी सोमवार को देवघर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

2.61 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण, चार किलोमीटर से लंबी कतार कुमैठा तक पहुंची

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से 105 किलोमीटर लंबा कांवरिया पथ और पूरा देवघर गूंज उठा। अंतिम सोमवारी पर 2.61 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण। सावन में अब तक 55 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंच चुके हैं। अंतिम सोमवारी को लेकर रविवार मध्यरात्रि से ही कांवरियों की भीड़ बढ़ने लगी थी। सोमवार की सुबह जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की कतार चार किलोमीटर से अधिक लंबी होकर कुमैठा तक पहुंच गई।

बासुकीनाथ में 1.55 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

दुमका (संवाददाता)। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव-2026 के 26वें दिन बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शाम 5 बजे तक कुल 1,55,206 श्रद्धालुओं ने बाबा के पवित्र शिवलिंग पर जलार्पण कर पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर सहित मेला क्षेत्र में दिनभर आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा।

मेला के दौरान शीघ्रदर्शनम व्यवस्था का भी श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। शाम 5 बजे तक

शीघ्रदर्शनम के माध्यम से 2,050 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। वहीं, 3,648 डाक बम श्रद्धालुओं ने भी बाबा को जल अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की।

श्रावणी मेला के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन और सुरक्षित जलार्पण को लेकर विभिन्न स्तरों पर व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं।

जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, झारखंड सरकार को नोटिस जारी

एजेंसी

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) 2025 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग पर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग ही ज्यूडिशियल सर्विस की परीक्षा लेता है। हमें तो उसकी चिंता हो रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन ने दायर याचिका में मांग की है कि झारखंड लोक सेवा आयोग की 2025 परीक्षा में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र सीबीआई जांच की जाए। वकील सत्यम सिंह राजपूत के जरिए दायर याचिका में कहा गया है कि इस मामले की जांच झारखंड सीआईडी से हटाकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए। याचिका में कहा गया है कि एक ऐसी जांच एजेंसी नियुक्त की जाए, जो राज्य सरकार के प्रभाव से मुक्त हो, ताकि आम लोगों का भरोसा कायम हो। ये विवाद 19 अप्रैल को झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स परीक्षा से जुड़ा हुआ है। इसका रिजल्ट

दो जुलाई को घोषित किया गया था। रिजल्ट घोषित होने के बाद एक अभ्यर्थी की ओएमआर शीट की प्रति वायरल हुई थी, जिसमें उसने 100 में से मात्र 48 प्रश्नों को हल करने की कोशिश की और उसके बावजूद वो क्वालिफाई कर गया। इस मामले में झारखंड लोक सेवा आयोग को इस बात के लिए भी आलोचना झेलनी पड़ रही थी कि उसने परीक्षा आयोजित करने के लिए टीएसडीपीएल का चयन किया था। टीएसडीपीएल को इस परीक्षा के कुछ महीने पहले ही झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने अनियमितताओं की शिकायतों के बाद ब्लैकलिस्ट किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के दिए निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस हिंसा के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई उच्चाधिकार प्राप्त जांच कमेटी (एचपीईसी) को महिला प्रदर्शनकारियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह स्पष्टीकरण तब दिया, जब वरिष्ठ वकील शोभा गुप्ता ने उनसे जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। सुनवाई के दौरान शोभा गुप्ता ने एक ऐसा सिस्टम बनाने का आग्रह किया, जिसके जरिए कथित पीड़ित अपनी शिकायतें सीधे पड़ताल के लिए भेज सकें। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्चाधिकार कमेटी प्रदर्शनकारियों की यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करेगी।

एसीएफ-एफआरओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार

संवाददाता

रांची । झारखंड सरकार की ओर से नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (एसीएफ)-2024 और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर (एफआरओ)-2024 की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी)-सीजीएल, 11वीं से 13वीं जेपीएससी और सीडीपीओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर उच्च न्यायालय पहले ही रोक लगा चुका है। प्रार्थियों ने इसी आधार पर एसीएफ और एफआरओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर भी रोक लगाने का आग्रह किया। उन्होंने आशंका जताई कि सरकार इन पदों पर नई नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर सकती है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रार्थी अदालत में हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर सकते हैं। अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिनमें टीडीपीएल शामिल रहा था। इसके साथ ही वर्ष 2014 से आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने की भी घोषणा की गई थी। इन घोषणाओं के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने परीक्षाएं रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से संबंधित अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी, जिसमें राज्य सरकार का जवाब महत्वपूर्ण होगा।

माध्यमिक आचार्य भर्ती परीक्षा हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

रांची । माध्यमिक आचार्य भर्ती परीक्षा में 2,819 अभ्यर्थियों की पुनर्परीक्षा से जुड़े मामले में सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि परीक्षा में उनकी ओर से कोई गलती नहीं की गई थी, इसके बावजूद उन्हें पुनर्परीक्षा में शामिल होना पड़ा। प्रार्थियों ने आग्रह किया कि पहले आयोजित परीक्षा के आधार पर ही उनका परिणाम जारी किया जाए। उन्होंने परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप को भी गलत बताया।

संक्षिप्त खबरें

देवघर लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, 16 घायल

देवघर। बिहार के जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर धमनियां मोड़ के पास रविवार देर रात करीब ढाई बजे बड़ा सड़क हादसा हुआ। बासुकीनाथ धाम से दर्शन-पूजन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत 16 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों को पहले चकाई सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार को गंभीर रूप से घायल अभिजीत कुमार, रवि मेहता और गोलू सिंह को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।

चीनी के बाद अब प्याज के दाम भी बढ़े

नई दिल्ली । त्यौहारी सीजन से ठीक पहले देश में आम जनता को महंगाई की डबल मार पड़ रही है, जिसने लोगों की जेब और रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जहां एक ओर चीनी ने पहले ही अपनी मिठास कम कर दी थी, वहीं अब रसोई की अहम सब्जी प्याज भी लोगों को रुलाने पर उतारू है। रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली प्याज की कीमतों में अचानक आए उछाल ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। जो प्याज कुछ समय पहले तक 30-35 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही थी, अब खुदरा बाजारों में उसकी कीमत 60-65 रुपये तक पहुंच गई है।

झारखंड के 10 जिलों में 27 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट

रांची । झारखंड में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 27 अगस्त को राज्य के 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लातेहार, चतरा और गिरिडीह शामिल हैं।

मानव और वन्यजीव संघर्ष को समाप्त करने का प्रभावसाली योजना बनाएं : मुख्यमंत्री

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड प्रतिकरात्मक वनरोपण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए)-राज्य प्राधिकरण की शासी निकाय की पहली बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री और अधिकारियों के बीच राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण, वन संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन एवं वन क्षेत्रों के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को कैम्पा मद से संचालित सभी योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप और पूरी पारदर्शिता के

साथ सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रत्यक्ष सकारात्मक प्रभाव वन क्षेत्रों, ग्रामीण आबादी और स्थानीय समुदायों के जीवन में दिखाई देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव और वन्यजीव संघर्ष को समाप्त करने का इफेक्टिव प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। वन क्षेत्रों में पौधरोपण एवं उसके संरक्षण, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय पुनर्स्थापन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण के बाद उसकी नियमित निगरानी एवं संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जमशेदपुर : कारोबारी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को जमशेदपुर के कारोबारी निखार सबलोक (33) की गोली मारकर हत्या कर दी। कदमा के विजया हेरिटेज निवासी निखार को अपराधियों ने कांदरबेड़ा के पास स्थित होटल थेमाइट स्टोन के समीप निशाना बनाया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। हमले में उनके शरीर में चार गोलियां लगीं।

बताया जाता है कि निखार किसी कारोबारी काम से सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र कांदरबेड़ा पहुंचे थे। इसी दौरान हथियार से लैस

अपराधियों ने अचानक उन पर गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद उनके साथियों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना मिलते ही चांडिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और अपराधियों की पहचान के लिए घटनास्थल तथा आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस हत्या के पीछे के कारणों का भी पता लगा रही है। निखार सबलोक जमशेदपुर में कारोबारी गतिविधियों से जुड़े थे और होटल सहित कई कारोबार करने की जानकारी सामने आई है। पुलिस फिलहाल व्यावसायिक विवाद, आपसी रंजिश सहित हत्या के अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

संथाल परगना प्रमंडल के नए आयुक्त बने शैलेंद्र कुमार लाल, संभाला पदभार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सोमवार को शैलेंद्र कुमार लाल ने संथाल परगना प्रमंडल के नए आयुक्त के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और उन्हें इस नई तथा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस खास मौके पर नए आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने प्रमंडल की जनता को

आश्वस्त करते हुए कहा कि संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिलों में विकास कार्यों को और अधिक तेज गति दी जाएगी।

पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा : बीएल संतोष

एजेंसी

पटियाला । भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने सोमवार को कहा कि पार्टी आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और राज्य में सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी। पटियाला में अपने दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे के पहले दिन पहली जोनल बैठक को संबोधित करते हुए संतोष ने कहा कि पंजाब बदलाव के

लिए तैयार है और भाजपा इस बदलाव को वास्तविकता में बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों को तेज करने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इससे पहले पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों भी अकाली दल के साथ संभावित गठबंधन की अटकलों को खारिज करते हुए कह चुके हैं कि भाजपा सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। सोमवार सुबह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचने पर बीएल संतोष का स्वागत केवल सिंह ढिल्लों और पंजाब भाजपा के सह-प्रभारी नरेंद्र सिंह रैना ने किया।

मुख्यमंत्री से मिले टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरारामम

राज्य में दीर्घकालिक निवेश और साझेदारी की प्रतिबद्धता जतायी

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदरारामम ने मुलाकात की। कंपनी का कहना है कि वह झारखंड में दीर्घकालिक निवेश और साझेदारी

के लिए प्रतिबद्ध है।

देवघर के आसमान में दिखी बाबा बैद्यनाथ की दिव्य गाथा, ड्रोन शो ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। राजकीय श्रावणी मेला 2026 की चौथी और अंतिम सोमवारी पर देवघर में जिला प्रशासन की ओर से भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया गया। शिवलोक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया समेत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रात करीब 7.30 बजे शिवलोक परिसर से सैकड़ों ड्रोन एक साथ आसमान में उड़े तो पूरा इलाका हर-हर महादेव के जयघोष और तालियों से गूंज उठा। करीब 20 से 25 मिनट तक चले शो में आधुनिक तकनीक और सनातन संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला।

आसमान में जीवंत हुई बाबा की गाथा

ड्रोन्स से आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी के जरिए बाबा बैद्यनाथ मंदिर की पौराणिक कथाओं, मंदिर के ऐतिहासिक महत्व, श्रावणी मेले की प्राचीन परंपराओं और द्वादश ज्योतिर्लिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को आकर्षक आकृतियों के रूप में प्रदर्शित किया गया। डिजिटल रोशनी से सजा आसमान श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना रहा।

ड्रोन शो का नजारा बाबा बैद्यनाथ मंदिर की परिधि से करीब पांच किलोमीटर तक के क्षेत्र में साफ दिखाई दिया। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने आसमान में दिख रही डिजिटल प्रस्तुति का आनंद लिया और जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की।

डीएमएफ से झारखंड को मिले लगभग 19 हजार करोड़ रुपये, फिर बंदरबांट क्यों? : संजय सेठ

संताल एक्सप्रेस

रांची। रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड सरकार द्वारा केंद्र सरकार पर सेस और कोयले को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पर आरोप लगाने से पहले राज्य सरकार अपने भारी-भरकम टैक्स, सेस और विभिन्न शुल्कों के साथ-साथ राज्य में जारी अवैध खनन पर जवाब दे। सेठ ने कहा कि तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में कोयले का मूल मूल्य लगभग 1221 रुपये प्रति टन होने के बावजूद राज्य स्तरीय करों एवं शुल्कों के कारण इसकी बिक्री कीमत लगभग 2458.78 रुपये प्रति टन पहुंच जाती है। वहीं पश्चिम बंगाल में यह लगभग 1741.22 रुपये और ओडिशा में 1708.48 रुपये प्रति टन है। यानी झारखंड का कोयला पड़ोसी राज्यों की तुलना में लगभग 700 से 750 रुपये प्रति टन महंगा पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट फीस, मिनरल सेस, रॉयल्टी आधारित शुल्क, फॉरेस्ट ट्रांजिट फीस, कंपोजिट यूजर फीस, बाजार फीस और अन्य करों का अतिरिक्त बोझ झारखंड के कोयले को गैर-प्रतिस्पर्धी बना रहा है।

पहले अवैध खनन पर रोक लगाए राज्य सरकार

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यदि राज्य सरकार में नैतिकता है तो उसे सबसे पहले झारखंड में जारी अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगानी चाहिए। ऐसी स्थिति में व्यापारी और उद्योगपति महंगा कोयला क्यों खरीदेंगे? सेठ ने कहा कि राज्य सरकार को इस मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय धरातल पर काम करते हुए अवैध उत्खनन पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। केंद्र सरकार पर सवाल उठाने वाले राज्य सरकार के मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से झारखंड के खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 19 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं।

एमएमडीआर संशोधन से झारखंड को 14 हजार करोड़ के राजस्व का नुकसान : वित्त मंत्री

संताल एक्सप्रेस

रांची। खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन को लेकर झारखंड सरकार ने केंद्र के खिलाफ अपना आर्थिक पक्ष और मुखर कर दिया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखकर संशोधन से राज्य को होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया है। मंत्री ने दावा किया है कि संशोधन लागू होने से झारखंड को वर्ष 2026-27 में करीब 14 हजार करोड़ रुपये के अनुमानित राजस्व से वंचित होना पड़ेगा। इसके अलावा विभिन्न कोयला कंपनियों के पास झारखंड की 1,36,042 करोड़ रुपये की बकाया राशि की प्राप्ति भी प्रभावित होगी।श्री किशोर ने पत्र में कहा है कि झारखंड की आय का एक प्रमुख स्रोत राज्य की खनिज संपदा है।केंद्र सरकार द्वारा एमएमडीआर कानून में संशोधन कर धारा 9डी को जोड़े जाने से खनिज संपदा वाले राज्यों के वित्तीय हितों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

मंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने विधानसभा से विधेयक पारित कर खनन क्षेत्रों में सेस लगाने की व्यवस्था लागू की थी।इससे 2026-27 में करीब 14 हजार करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का अनुमान था।केंद्र के संशोधन के बाद यह आय झारखंड को नहीं मिल सकेगी।वित्त मंत्री ने बाबूलाल मरांडी को संबोधित पत्र में झारखंड की सामाजिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों का भी उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है और खनन के कारण राज्य को विस्थापन, जमीन से बेदखली, पर्यावरण प्रदूषण, जंगलों पर दबाव, खनिज परिवहन से जर्जर सड़कें, कुपोषित स्वास्थ्य व्यवस्था और अशुद्ध पेयजल जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।ऐसे में खनिज संपदा से होने वाले आर्थिक लाभ और राज्य को झेलनी पड़ रही सामाजिक-पर्यावरणीय कीमत के बीच संतुलन जरूरी है।पत्र में राधाकृष्ण किशोर ने सवाल उठाया है कि खनन से आर्थिक लाभ केंद्र सरकार प्राप्त करे और उसके दुष्परिणामों का बड़ा हिस्सा झारखंड झेले, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन राज्य एक स्थायी तत्व होता है।उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा और उससे जुड़े आर्थिक अधिकार हमेशा झारखंड के ही रहेंगे।श्री किशोर ने कहा है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार इस पूरे विषय पर राज्य के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए केंद्र के समक्ष अपनी बात रखेगी। आवश्यकता पड़ने पर संवैधानिक उपायों का भी इस्तेमाल किया जायेगा।साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि एमएमडीआर संशोधन कानून से झारखंड को होने वाले आर्थिक नुकसान के खिलाफ आवाज उठाना हर राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है।वित्त मंत्री ने बाबूलाल मरांडी से विशेष आग्रह किया है कि वे संवैधानिक अधिकारों और झारखंड के आर्थिक हितों की रक्षा का मुद्दा अपने नेतृत्व में प्रदेश भाजपा और केंद्र सरकार के समक्ष रखें।उन्होंने कहा कि राजनीतिक निष्ठा से पहले राज्य के प्रति निष्ठा होनी चाहिए, क्योंकि राज्य सर्वोपरि है।अब इस पत्र के बाद एमएमडीआर संशोधन के मुद्दे पर झारखंड में राजनीतिक टकराव और तेज होने के आसार हैं।

विरोध प्रदर्शन के लोकतांत्रिक अधिकार को कुचलना चाहती है सरकार : बाबूलाल मरांडी

संताल एक्सप्रेस

रांची । विगत दिनों राँची में छात्रों के द्वारा पूर्व घोषित पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान छात्रा प्रतिमा कुमारी के साथ हुई बदसलूकी के खिलाफ छात्रा द्वारा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में कोतवाली थाना पहुंचकर सभी गुंडों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने की मांग को लेकर स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराया गया। थाना से बाहर निकल कर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीते 21 अगस्त को छात्रों द्वारा पूर्व निर्धारित पुतला दहन कार्यक्रम में झामुमो के गुंडो के द्वारा रांची, गिरिडीह , हजारीबाग, रामगढ़, गढ़वा आदि जिलों में प्रायोजित तरीके से आतंक मचाया गया। इन स्थानों पर झामुमो नेता और उनके जिला अध्यक्ष डंडे लेकर बच्चों की पिटाई करते हुए देखे गए। रामगढ़ में तो jmm नेता ने कहा कि जो भी सीएम का पुतला दहन करेगा उसे पटक पटक के मारेंगे। विडम्बना देखिए कि गुंडागर्दी छ्वरू के गुंडों ने की और मुकदमा छात्रों एवं अन्य लोगों पर किया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि पुतला दहन कार्यक्रम में हर जगह मजिस्ट्रेट नियुक्त थे। होना तो यह चाहिए था कि उनके बयान पर झामुमो के गुंडे जो हमला कर रहे थे उन पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए था, लेकिन मुकदमा उन गुंडों पर नहीं करके शांतिपूर्वक आंदोलन करने वाले छात्रों पर किया जा रहा है। आज पुलिस बच्चों के घर पर जाकर उन्हें डरा धमका रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है उन गुंडों पर एफआईआर दर्ज करें, नहीं तो 25 अगस्त से उन सभी मजिस्ट्रेट का भाजपा घेराव करेगी। उन मजिस्ट्रेट से जवाब मांगा जाएगा कि जिन लोगों ने लाठी डंडे के साथ गुंडागर्दी की है, उन पर आपने मुकदमा क्यों नहीं किया ? रांची के सीईओ हो , या फिर चाहे रामगढ़, गिरिडीह, हजारीबाग जहां भी गुंडागर्दी हुई है सभी जगह के संबंधित मजिस्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। इन मजिस्ट्रेट को jmm के गुंडों पर एफआईआर दर्ज करना ही होगा। नहीं तो फिर जो एफआईआर दर्ज किया गया है, उसका आधार क्या है, यह बताना होगा।

आदिवासी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी में कटौती बर्दाश्त नहीं : शिल्पी

रांची । कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि परिसीमन के नाम पर आदिवासी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी और आरक्षित सीटों में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों के साथ-साथ राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संवैधानिक अधिकारों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है।शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 27 अगस्त 2026 को सभी जिला मुख्यालयों में चंदा चोरी और खान एवं खनिज संशोधन विधेयक, 2026 के विरोध में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन और 30 अगस्त 2026 को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आदिवासी एकता महाजुटान रैली की तैयारियों की समीक्षा की।इस दौरान पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की रणनीति तय की गई।विधायक ने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल और जमीन से जुड़ी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने तथा गांव-गांव और बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे।

जेपीएससी-जेएसएससी नियुक्ति घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस सकारात्मक कदम : आदित्य साहू

संताल एक्सप्रेस

रांची । झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग नियुक्ति घोटाले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर उच्चतम न्यायालय की ओर से हेमंत सरकार सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया जाना छात्रों के संघर्ष की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने इसे सीबीआई जांच की दिशा में बढ़ता हुआ पहला कदम बताया।सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आदित्य साहू ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के इस कदम से छात्रों में न्याय की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार और उसकी

एजेंसियां न्याय का अंतिम दरवाजा नहीं हैं। छात्रों के अधिकार और भविष्य की लड़ाई अब देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से कथित तौर पर नौकरी बेचे जाने तथा युवाओं के साथ हुए धोखे की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत की ओर से मामले में सक्षम एजेंसी से जांच की आवश्यकता हो सकने संबंधी टिप्पणी को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। साहू ने आरोप लगाया कि अब झारखंड सरकार को जवाब देना होगा कि वह सीबीआई जांच से क्यों बच रही है और युवाओं के भविष्य के साथ कथित रूप से खिलवाड़ करने वालों को बचाने की कोशिश क्यों की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मामले की सच्चाई सामने आएगी और राज्य के युवाओं को उनका अधिकार मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार पर छात्रों के साथ कठोर व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन के दौरान पहले पुलिस कार्रवाई और बाद में सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं के माध्यम से कथित मारपीट कराई गई तथा फर्जी मुकदमों के जरिए उन्हें परेशान किया गया।उन्होंने सोशल मीडिया सहित छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को प्रतिबंधित करने का भी आरोप लगाया। साहू ने राज्य सरकार की तुलना तानाशाही से करते हुए कहा कि सरकार की कथित कार्रवाइयां राज्य के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज होंगी।आदित्य साहू ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी छात्रहित के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सीआईडी जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है और इसके जरिए कथित रूप से मुख्य सरगना तथा बड़े आरोपितों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्य सरकार युवाओं को देगी एयर होस्टेस और ग्राउंड क्रु का प्रशिक्षण

रांची। वर्षों के प्रयास के बाद झारखंड में युवाओं के लिए एयर होस्टेस, फ्लाइट स्टीवर्ट और ग्राउंड क्रू का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है।झारखंड सरकार के नागर विमानन प्रभाग के अंतर्गत संचालित झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के एयर होस्टेस एवं ग्राउंड क्रू ट्रेनिंग प्रभाग की ओर से डिप्लोमा इन एविएशन एंड मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के लिये चयन साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों की प्रथम वरीयता सूची अगस्त के अंतिम सप्ताह में झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जा सकती है। चयनित अभ्यर्थियों को नामांकन और प्रशिक्षण की आगामी प्रक्रिया की जानकारी निर्धारित माध्यम से दी जायेगी।चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण अगले माह से शुरू होने की संभावना है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में शुरू किये जा रहे इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवाओं को विमानन क्षेत्र में रोजगार के लिए आवश्यक व्यावसायिक एवं उद्योग-उन्मुख कौशल उपलब्ध कराना है। चयन साक्षात्कार में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया. चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, संचार कौशल, अंग्रेजी भाषा में दक्षता, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और विमानन क्षेत्र के प्रति रुचि का मूल्यांकन किया गया।प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक कैप्टन एसपी सिन्हा ने कहा कि देश में विमानन क्षेत्र का विस्तार होने के साथ रोजगार की संभावनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

जमशेदपुर में 59 किलो गांजा के साथ छह गिरफ्तार

जमशेदपुर । नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टी चौक पर रविवार देर रात चलाए गए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 59 किलो गांजा बरामद करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

भाजपा का बयान हताशा का परिचायक : विनोद

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं और विपक्षी आवाजों को लेकर झारखंड सरकार को नसीहत देने से पहले अपने शासन वाले राज्यों का हिसाब दे। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा के बयान को हताशा का परिचायक बताया। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार की तुलना इतिहास की गंभीर त्रासदियों से करना राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है। धरना-प्रदर्शन, कानून-व्यवस्था और

सोशल मीडिया नियमों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संवैधानिक अधिकार है, लेकिन कोई अधिकार कानून से ऊपर नहीं है। प्रशासनिक कार्रवाई को राजनीतिक दमन बताना भ्रामक है। जेपीएससी मामले पर उन्होंने कहा कि न्यायालय में सरकार की ओर से कौन अधिवक्ता किस स्तर पर पैरवी करेगा, यह विधिक प्रक्रिया का विषय है। भाजपा के पास ठोस तथ्य या दस्तावेज हैं तो उसे सक्षम न्यायालय में रखना चाहिए, प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाकर भ्रम नहीं फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले अपने शासन वाले राज्यों में छात्रों, किसानों और विपक्षी नेताओं के साथ हुए व्यवहार का जवाब दे। साथ ही महाराष्ट्र में कथित भाषा संबंधी नियमों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि रोजगार के लिए भाषा को डर और दंड का औजार नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या अब हर राज्य में रोजगार के लिए स्थानीय भाषा की परीक्षा होगी। पांडेय ने कहा कि भाजपा को विकास, अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर तथ्यपूर्ण राजनीति करनी चाहिए।

दिशोम गुरू के पैतृक गांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विरोध नहीं होने देंगे : संथाल समाज

रामगढ़। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के नेमरा गांव से भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के शुभारंभ का विरोध गांव वालों ने शुरू कर दिया है।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत देवेंद्र महतो के नेतृत्व में भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा नेमरा गांव से सोमवार को प्रारंभ होने की सूचना के बाद संथाली समाज के लोग गोलबंद हुए।गांव के लोगों को कहना है कि नेमरा गांव छोड़कर यात्रा कहीं से भी निकाले उसका विरोध नहीं है। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव में सोमवार की सुबह संथाली समाज के लोग ढोल नगाड़ो के साथ एकजुट होकर धुमकुड़िया भवन के पास जमा हो गये।नेमरा गांव के लोगों ने बैठक कर नेमरा गांव का मांझी हड़ाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विरोध में कार्यक्रम नहीं करने देने का ऐलान किया। ग्रामीण डुगडुगी और पारंपरिक हथियार के साथ नेमरा गांव में उपस्थित हैं।हेमंत सोरेन सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि नेमरा गांव के मांझी हड़ाम हैं।उनका विरोध किसी भी किमत पर बर्दास्त नहीं करेंगे। नेमरा गांव के नायके चेतन टुडू, जोग मांझी विश्वनाथ बेसरा, बोधराम, विजय किस्कू, प्रमाणिक बाबा, बिरजू सोरेन, परमेश्वर सोरेन, नारायण सोरेन, नकुल बेसरा समेत गांव के लोग शामिल थे।जय झारखंड, शिबू सोरेन अमर रहे, बिनोद बिहारी महतो अमर रहे का नारा लगाया।यात्रा में शामिल सभी लोग सादा टी-सर्ट पहने हुए थे।

मेला में दुकानदारों से रंगदारी वसूली का आरोप, दो सदस्य गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

देवघर। श्रावणी मेला-2026 के दौरान बाबा मंदिर परिसर, शिवगंगा तट और आसपास के दुकानदारों से डराकर रंगदारी वसूलने के आरोप में कुण्डा पुलिस ने बाबा परिहस्त गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से रंगदारी के रूप में वसूले गए 35,960 रुपये, एक डायरी और नीले रंग की होंडा डियो स्कूटी बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।कुण्डा थाना प्रभारी प्रशांत कुमार के बयान पर मामले में केशव सरेवार, सत्यम मिश्रा, फरार अनुभव खवाड़े और आदित्य चौबे उर्फ बिक्कु चौबे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसी दौरान सूचना मिली कि बाबा परिहस्त गिरोह के सदस्य बाबा मंदिर परिसर स्थित काउंटरों, शिवगंगा तट और आसपास के स्थायी-अस्थायी दुकानदारों से भय दिखाकर रंगदारी वसूल रहे हैं। सूचना मिली कि वसूली की रकम लेकर तीन आरोपी एक स्कूटी से कुण्डा थाना क्षेत्र के नौलखा मंदिर के पास पहुंचने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने नौलखा मंदिर के मेन रोड के पास वाहनों की जांच शुरू कर दी। करीब 11.45 बजे नीले रंग की स्कूटी आते दिखी।

केशव और सत्यम गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केशव सरेवार, उम्र 20 वर्ष, पिता मनोज सरेवार, खुशीदत्त द्वारी लेन, शिवगंगा लेन तथा सत्यम मिश्रा, उम्र 19 वर्ष, पिता मिलन मिश्रा, बिलासी प्रोफेसर कॉलोनी, थाना नगर, देवघर के रूप में हुई है।

आदित्य चौबे तक रकम पहुंचाने का दावा

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अनुभव खवाड़े के साथ मिलकर बाबा परिहस्त गिरोह के लिए काम करते हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बोकारो में सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़

बोकारो। जिले में अंतिम सोमवारी के अवसर पर चास, पेटरवार,चंद्रपुरा पेटरवार में शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा हुआ है और श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रहे हैं। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक सहित विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।बताया जाता है कि पेटरवार के श्री श्री 108 बिशेश्वर महादेव मंदिर, सेक्टर 12 शिव मंदिर, सेक्टर 2 सी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।स्थानीय लोगों के अनुसार यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है और आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।श्रावण की अंतिम सोमवारी पर मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है।श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर में उमड़ी भक्तों का भीड़

रांची। सावन की अंतिम सोमवारी पर राजधानी के शिवालयों में भक्तों की आस्था दिखी। पहाड़ी मंदिर समेत सुरेश्वर धाम, इक्कीसों धाम चुटिया, लिंगेश्वर मंदिर मधुकम और अरगोड़ा बुढ़ा महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही।पहाड़ी मंदिर में करीब 1.50 लाख श्रद्धालुओं ने अरघा सिस्टम से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पहाड़ी मंदिर में सरकारी पूजा-अर्चना के बाद सुबह 3.30 बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए।इसके बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर एक-एक सीढ़ी पार करते हुए मंदिर पहुंचे। भक्तों ने शिवलिंग और नाग देवता पर दूध, गंगाजल, फूल और माला अर्पित कर पूजा-अर्चना की।इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा।स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर पहुंचे कांवरियेसुरेश्वर धाम और इक्कीसों धाम में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही।भक्तों ने स्वर्णरेखा नदी से जल उठाया और भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

चेंबर चुनाव को लेकर पदाधिकारियों मिली जिम्मेवारी

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 के चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को चेंबर भवन में चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए चेंबर कार्यालय को विभिन्न कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चुनाव समिति के निर्देश में चेंबर के सभी ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप को एडमिन लॉक कर दिया गया।

वाईबीएन विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम

रांची। वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची के संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग की ओर से IQAC के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का पहला दिन सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला का विषय श्रावण मास की सांस्कृतिक विरासत ~ साहित्य, कला एवं संगीत है। कार्यक्रम का आयोजन 24 और 25 अगस्त को द अंजुरम ग्रैंड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, शिव वंदना और कथक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष सह संयोजक डॉ. रूपा सिन्हा और संगीत की छात्रा मधुश्री ने वाइब्रेशनल हीलिंग पुस्तक का विमोचन किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-ठिका खोबोर

सं. एस.जी.664-12-सकेत-2026-27

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन लातार रे ओलाकान कामी बाखरा ई:ठिका नेवतायेत् काना।

क्रम सं.: 1. कामी रेयाक् ञुतुम: बानाडाय: धनबाद मंडल रे DSTE/DHN, DSTE/KQR, ASTE/DHN और ASTE/GMO लागित् एस्पिरेशन-टाइप ऑटोमैटिक और और फायर डिटेक्शन आर अलार्म सिस्टम (AFDAS) रेयाक् बेबोसता बाखरा। **2. कामी रेयाक् मोट पूंजी:** रु. 7,62,26,879.06 (मोटामुटी), **3. कामी रेयाक् बायना पायसा:** रु. 15,24,500.00, **4. ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 08.09.2026 (12:30 बजे)। **5.** नोडकानाक् ई:ठिकाको तारी रे डाक/कुरियर/फैक्स आर से नित ते कोलाकात् जाहां लेकानाक् मैनुअल आरदास दो बाड आगोचोक्आ, भले गे नोआ दो फर्म रेयाक् लेटर हेड आर निट सोमोय रे आम आकान। नोडकानाक् जोतो मैनुअल आरदास दो बेआईनी मेतावाक्आ आर ओना बाबोत रे जाहां लेकानाक् बिचार बेगोर ते ओना दो बातिलकाक्आ। नोआ ई ठिका रेयाक् ई ठिका दस्तावेज सांवते पुराउ बानाडाय दो वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** रे बेबोसता आकान मेनाक्आ।

जेललेक: नामडाक ठिकादाकरो नोआ सोलहा एमावाको काना जे नोआ ई ठिका लागित् ओडोडोक् जाहां लेकानाक् फेरबोदोल/सुधराउ साकाम सेच् धियान एमावाकाक् लागित् ओनको दो ठिका बोंदोक् रेयाक् मुचात् तारीक खोन खोन कोम से कोम गेल दिन लाहा वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** को जेलमा।

वरीय मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0783/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/26-27/36

हंटरगंज में 9.15 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

चतरा । हंटरगंज पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9.15 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक कार और 11 बोतल अंग्रेजी शराब भी जब्त की गई है। एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 23 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापपुर मोड़ के समीप एक कार में गांजा लाया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भोंदल के पास कार संख्या जेएच 01एयू-5388 की तलाशी ली। कार की डिक्की में रखे दो प्लास्टिक बोरों से 6.8 किलो और दो किलो, कुल 8.8 किलो गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने इसके बाद रोहित कुमार (23) पिता शिवरतन साव, निवासी भोन्दल, हंटरगंज को गिरफ्तार किया।

जमीन देने के नाम पर 09 लाख की ठगी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

दुमका । जमीन देने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब 09 लाख रुपये लेने और जमीन नहीं देने का मामला सामने आया है। इस मामले में नगर थाना दुमका में रामनाथ गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।शिकायतकर्ता सदीप कुमार वर्मा ने आरोप लगाया है कि जमीन के लिए अलग-अलग तारीखों में चेक के माध्यम से कुल 09 लाख रुपये दिए गए, लेकिन रकम लेने के बाद न तो जमीन दी गई और न ही पैसे लौटाए गए। शिकायत के अनुसार, 14 फरवरी 2025 को सदीप कुमार वर्मा ने दो चेक के माध्यम से कुल 05 लाख रुपये रामनाथ गुप्ता को दिए। इसके बाद 12 मार्च 2025 को तीन अलग-अलग चेक के जरिए 04 लाख रुपये और दिए गए। इस तरह कुल 09 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिस जमीन को देने की बात कही गई थी, वह विवादित है।जमीन को लेकर पहले से टाइटल सूट सहित न्यायालय में मामला चल रहा है और कई लोगों को कोर्ट से नोटिस भी जारी हो चुका है।सदीप कुमार वर्मा का आरोप है कि विवादित जमीन की जानकारी सामने आने के बाद जब उन्होंने रामनाथ गुप्ता से अपनी रकम वापस मांगी तो उन्होंने न तो जमीन उपलब्ध कराई और न ही पैसे लौटाए। शिकायत में एक ही जमीन को कई लोगों को बेचने या बेचने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत के आधार पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है।

उत्कृष्ट संरक्षा कार्य के लिए धनबाद रेल मंडल के 61 कर्मचारी सम्मानित

धनबाद । मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में सोमवार को संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान धनबाद मंडल के 61 कर्मचारियों को अप्रैल और मई 2026 के दौरान उत्कृष्ट संरक्षा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। सम्मानित कर्मचारियों ने धनबाद रेल मंडल के विभिन्न खंडों में रेल फैक्टर, हॉट एक्सल सहित अन्य संरक्षा से जुड़े संभावित खतरों का समय रहते पता लगाया और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।रेलवे के अन

स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर डीसी सख्त

जामताड़ा। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में कई महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। पीसी एंड पीएनडीटी, जिला स्वास्थ्य समिति, ब्लड डोनेशन मॉनिटरिंग कमिटी, आयुष विभाग तथा स्वास्थ्य भवनों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।पीसी एंड पीएनडीटी बैठक में उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने और नियमों व एसओपी का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। सरेंडर किए गए दो केंद्रों से मशीन के दुरुपयोग नहीं करने की अंडरटेकिंग लेने तथा नियमानुसार लाइसेंस निरस्त करने को कहा। प्रसव पूर्व लिंग जांच को कानूनन अपराध बताते हुए दोषी केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में टीबी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन और एनसीडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। इस दौरान 'स्ट्रेटेजिक प्लान फॉर टीबी फ्री जामताड़ा' का विमोचन किया गया। आईडीएसपी पोर्टल पर समय पर रिपोर्ट नहीं भेजने वाले सीएचओ व एएनएम के वेतन में कटौती का निर्देश दिया गया। अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

करीब 20 वर्षों से सड़क पर गंदे पानी से परेशान ग्रामीण

महागामा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विश्वासखानी गांव में करीब दो दशक से सड़क पर जमा गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिली है। जलनिकासी का रास्ता अतिक्रमण की वजह से बंद होने के कारण लंबे समय से सड़क पर गंदा पानी जमा रहता था। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप का भी सामना करना पड़ता था।ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए हनवारा थाना प्रभारी विकास कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद साह ने पहल की। जेसीबी के माध्यम से जलनिकासी के रास्ते में किए गए अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को साफ कराया गया। दोनों स्वयं गांव में मौजूद रहकर पूरे कार्य की निगरानी करते रहे। मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद साह ने निजी कोष से आर्थिक सहयोग देकर जेसीबी की व्यवस्था कराने में भी मदद की ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 वर्षों से सड़क पर गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती थी।ग्रामीणों ने थाना प्रभारी विकास कुमार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिसिंग तक अपनी भूमिका सीमित नहीं रखी, बल्कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या को समझकर उसके समाधान की पहल की। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन यदि समाज की समस्याओं के प्रति सजग और संवेदनशील रहें तो वर्षों पुरानी समस्या का समाधान भी मुश्किल नहीं है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त रहने से अब सड़क पर दोबारा गंदा पानी जमा नहीं होगा। मौके पर अनूप लाल सिंह, राजेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, दीपक सिंह, राकेश सिंह, समाजसेवी प्रीतेश सिंह लगभग दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

भाषण प्रतियोगिता में अबुजर गफारी और नातिया कलाम में सफिया परवीन प्रथम

गोड्डा। ईद ए मिलाद के अवसर पर 29 वाँ गोड्डा जिला स्तरीय भाषण, स्तुति गीत एवं क्विज प्रतियोगिता 10 से 14 वर्ष तक के स्टूडेंट के बीच स्थानीय जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में जिला अल्पसंख्यक फाउंडेशन द्वारा आयोजन किया गया जिसमें जिला भर के सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल, मिशन स्कूल, मदरसा एवं संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार चौबे स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के पूर्व बैंक पदाधिकारी ने की मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील कुमार झा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ गोड्डा और योगेश चंद्र झा महासचिव जिला अधिवक्ता संघ गोड्डा थे।

टार्रा में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। जीपीडीपी के तहत सोमवार को मड़ालो पंचायत के टार्रा गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया हीरामणि मुर्मू ने की। इस दौरान ग्रामीणों के बीच गांव के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, हर घर नल-जल योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, आधार लिंक, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बाल विकास सेवाएं, शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल थीं। बैठक में ग्राम पंचायत के विकास के लिए स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं के आधार पर उपयोगी योजनाओं का चयन करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव उत्तम पाल, रोजगार सेवक अमित बाउरी, वार्ड सदस्य मोहित बनर्जी,दिदियां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

पट्टाजोरी स्कूल में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

कर्माटांड़ । प्रखंड क्षेत्र में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से सोमवार को पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पट्टाजोरी में एक दिवसीय भव्य करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ मैट्रिक पास कर चुके पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं ओडिशा से आए स्टेट रिसोर्स कंसलटेंट सुभम महापात्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट के जिला समन्वयक उदय शंकर भंडारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिनमें अवधेंद्र प्रताप सिंह, भवेष कुमार, दीपक कुमार रजक, अरुण कुमार सोरेन, रामपद हेंब्रम, विभाकर कुमार सिंह और जगदीश बाउरी।

इंस्पेक्टर इंचार्ज पंकज कुमार ने वायरल खबर को बताया निराधार

चित्तरंजन। चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में गोपनीय दस्तावेजों की मोबाइल से तस्वीर लिए जाने और एक व्यक्ति को आरपीएफ द्वारा हिरासत में लिए जाने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कारखाना परिसर में चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, मेन शॉप इंस्पेक्टर इंचार्ज पंकज कुमार ने इस पूरे मामले को सिरे से खारिज करते हुए इसे निराधार बताया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर में दावा किया गया कि रूपनारायणपुर पश्चिम रांगामाटिया निवासी असित दास नामक व्यक्ति वर्क्स कार्यालय के एक अधिकारी के चैंबर में गया और वहां रखी कथित संवेदनशील फाइलों की मोबाइल से तस्वीरें लीं। खबर में आरपीएफ द्वारा उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने तथा मोबाइल फोन की तकनीकी जांच किए जाने का भी दावा किया गया।वायरल दावे के अनुसार, जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जानी थी कि तस्वीरें किसी अन्य स्थान पर भेजी गई थीं या नहीं। मामले में कानूनी कार्रवाई की बात भी कही गई। हालांकि, फोन पर संपर्क किए जाने पर इंस्पेक्टर इंचार्ज पंकज कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उनके बयान के बाद वायरल खबर की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल घटना की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

रत्नेश्वरनाथ धाम में उमड़ी भीड़ भगदड़ जैसी स्थिति ,कई श्रद्धालु गिरे

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी पर शहर के शिवपुर स्थित रत्नेश्वरनाथ धाम मंदिर में सोमवार सुबह जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य गेट के पास अचानक भीड़ का दबाव बढ़ने से कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान कई श्रद्धालु गिर पड़े, जबकि कुछ लोगों को मामूली चोटें भी आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान कुछ पुलिसकर्मी भी गिर गए।

बताया गया कि मुख्य गेट के पास बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण के लिए जमा थे। इसी बीच गेट खुलने पर श्रद्धालु एक साथ मंदिर परिसर में प्रवेश करने लगे, जिससे कुछ देर के लिए अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर बड़ी संख्या में चप्पलें बिखरी नजर आईं। हालांकि समिति के वालंटियर और पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। इसके बाद श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से जलार्पण कराया गया।

इधर, उमस भरी गर्मी के कारण भागलपुर से गंगाजल लेकर पहुंचे कुछ डाक बम की तबीयत भी बिगड़ गई। कुछ श्रद्धालुओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि भारी भीड़ के कारण थोड़ी देर के लिए परेशानी हुई थी, लेकिन बाद में स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई। समिति के अनुसार अब जलार्पण का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से जारी है और किसी श्रद्धालु को कोई गंभीर परेशानी नहीं है।

गोड्डा में नशे की हालत में मिले 13 संदिग्ध हिरासत में

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गोड्डा पुलिस ने रात्रि गश्ती और निगरानी अभियान तेज कर दिया है। रात 11 बजे के बाद बिना ठोस कारण सड़कों पर घूमने वालों तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पुलिस की विशेष नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में नगर थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह के नेतृत्व में देर रात शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर सघन रात्रि गश्ती और चेकिंग अभियान चलाया गया। नशे की हालत में मिले 13 लोग हिरासत में रात्रि निगरानी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तथा सार्वजनिक स्थानों पर नशे की हालत में पाए गए कुल 13 लोगों को हिरासत में लिया। सभी को नगर थाना लाकर पूछताछ की गई। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के नाम-पते और पहचान का सत्यापन किया। आवश्यक जांच-पड़ताल और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वहीं नगर थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने कहा कि रात्रि गश्ती अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर में शांति, सुरक्षा और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि रात के समय सुनसान सड़कों पर संदिग्ध रूप से घूमने वाले असामाजिक तत्वों तथा शराब के नशे में उपद्रव करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। गोड्डा पुलिस ने कहा कि रात में अनावश्यक रूप से घूमने, सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ निगरानी और कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी इलाके में संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें।

एमएमडीआर संशोधन के खिलाफ झामुमो का आंदोलन तेज

फतेहपुर (जामताड़ा)। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एमएमडीआर संशोधन विधेयक, 2026 के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को फतेहपुर के सालबगान में झामुमो की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने की। मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। राज्य के खनिज संसाधनों से प्राप्त राजस्व का महत्वपूर्ण हिस्सा विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में खर्च होता है। केंद्र सरकार के प्रस्तावित एमएमडीआर संशोधन विधेयक से यदि राज्य के खनिज संसाधनों और राजस्व पर असर पड़ता है, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब, महिला, बुजुर्ग, किसान और विद्यार्थियों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां 50 वर्ष की उम्र से पात्र लोगों को पेंशन देने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित कई योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के राजस्व पर असर पड़ा तो इन योजनाओं के संचालन और विस्तार पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है। बैठक में आगामी सात सितंबर को फतेहपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। रवींद्रनाथ महतो ने कार्यकर्ताओं से हजारों की संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

सेंट इमानुएल स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता

जामताड़ा। रक्षाबंधन के अवसर पर सरखेलडीह स्थित सेंट इमानुएल स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रक्षाबंधन की थीम पर बच्चों ने रंगों के माध्यम से भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास को कागज पर जीवंत किया। किसी ने बहन को भाई की कलाई पर राखी बांधते दिखाया, तो किसी ने राखी, मिठाई और त्योहार से जुड़े मनमोहक दृश्य उकेरे। बच्चों की रचनात्मकता से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।विद्यालय के निदेशक अभिजीत विश्वास ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देना और उन्हें भारतीय संस्कृति व पर्व-त्योहारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं।

हिंदू संगठनों की बैठक के बाद निकाला गया मौन मार्च, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

करमाटांड़ । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एक विद्यालय परिसर में सोमवार को विभिन्न हिंदू समाज की ओर से बैठक आयोजित की गई। बैठक में ठंडारडीह गांव में एक व्यक्ति के घर पर हुई तोड़फोड़ की घटना समेत क्षेत्र में हाल के दिनों में सामने आए विवादों पर चर्चा की गई। संगठन के सदस्यों ने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग की।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कुरुवा हटिया में एक व्यक्ति द्वारा हिंदू देवी-देवताओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद हिंदू संगठनों की ओर से स्थानीय प्रशासन को आवेदन दिया गया था। प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की बात कही गई। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक अन्य व्यक्ति की कथित टिप्पणी को लेकर बड़ी संख्या में लोगों के उनके घर पहुंचने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया।वक्ताओं ने कहा कि किसी भी सोशल मीडिया टिप्पणी पर आपत्ति होने की स्थिति में कानून का सहारा लेना चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन की ओर से व्यापक आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने प्रशासन से घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

भागलपुर से गंगाजल लेकर शिवपुर पहुंच रहे थे श्रद्धालु , करीब आधा दर्जन बेहोश

गोड्डा। सावन के अंतिम सोमवार पर शिवपुर स्थित बाबा रत्नेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में डाकबम पहुंचे। इस दौरान उमस भरी गर्मी, लंबी दूरी तक लगातार पैदल चलने और निर्जला उपवास के कारण कई श्रद्धालुओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। करीब आधा दर्जन डाकबमों के बेहोश होने से कुछ देर के लिए मंदिर परिसर और रास्ते में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सभी को तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।बताया गया कि भागलपुर से गंगाजल लेकर डाकबम लगातार पैदल शिवपुर की ओर बढ़ रहे थे। गर्मी और उमस के बीच शरीर में पानी की कमी होने से कई श्रद्धालु रास्ते में ही चक्कर खाकर गिर पड़े। वहीं, कुरमन गांव की ज्योति कुमारी और हरियारी निवासी सुधीर कुमार शिवपुर मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान अचानक अचेत होकर गिर गए। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने दोनों को संभालते हुए अस्पताल पहुंचाया।सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी श्रद्धालुओं का तत्काल उपचार शुरू किया। मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ सलाइन चढ़ाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, लगातार पैदल चलने, अत्यधिक गर्मी और शरीर में पानी की कमी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी।इलाज के बाद सभी डाकबमों की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है और चिकित्सकों के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं।

कर्माटांड़ में बाइक की चोरी

जामताड़ा । जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला सोमवार दोपहर कलझरिया मोड़ का है, जहां एक लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में एक युवक लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक लेकर जाते हुए दिखाई दे रहा है। युवक ने काले रंग की शर्ट और पैंट पहन रखी है। घटना से जुड़ी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में कर्माटांड़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

देवलेश्वर धाम में सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। हिंदी सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को नाला प्रखंड के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रसिद्ध बाबा देवलेश्वर धाम, गेड़िया स्थित बाबा कालिंजर धाम तथा प्राचीन बाबा कर्दमेश्वर धाम में अहले सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतार लगी रही। सबसे अधिक भीड़ बाबा देवलेश्वर धाम में देखने को मिली, जहां प्रातः करीब चार बजे से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नाला क्षेत्र बंगला भाषी और बंगाली बहुल होने के कारण अधिकांश श्रद्धालु बंगला सावन की सोमवारी में ही जलाभिषेक कर चुके थे। इसके बावजूद हिंदी सावन की अंतिम सोमवारी पर भी देवलेश्वर धाम में अप्रत्याशित भीड़ रही। मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया।मंदिर परिसर में फूल, बेलपत्र, माला, शहद, दूध, गंगाजल, धूप-दीप व अल्पाहार समेत पूजन सामग्री की दर्जनों दुकानें और स्टॉल लगाए गए थे। भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के कारण पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कई श्रद्धालु अपनी मन्नत के अनुसार दंडवत देते हुए भी नजर आए। चारों ओर गेरुआ वस्त्रधारी कांवरियों और शिवभक्तों के 'बोल बम' के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

बाबा कर्दमेश्वर धाम में भी रही भीड़

इधर, बाबा कर्दमेश्वर धाम में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। यहां प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद वितरण किया जाता है। हिंदी सावन की अंतिम सोमवारी में संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति, पंडा समाज और पुलिस प्रशासन के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए गई थी।

गोड्डा में 50,824 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृत, 12.65 करोड़ रुपये होंगे वितरित

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। जिला स्तरीय प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने से संबंधित आवेदनों और सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा की गई।समिति ने विभिन्न वित्तीय वर्षों के अंतर्गत कुल 50,824 छात्र-छात्राओं के लिए 12 करोड़ 65 लाख 47 हजार 278 रुपये की छात्रवृत्ति राशि स्वीकृत की। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत कक्षा एक से आठ तक के 46,078 विद्यार्थियों के लिए 8 करोड़ 58 लाख 28 हजार रुपये की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति शामिल है। इसमें बीसी वर्ग के 34,835, एससी के 5,264 और एसटी के 5,979 विद्यार्थी शामिल हैं।वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के तहत कक्षा नौ से दस के एसटी एवं बीसी वर्ग के 2,615 विद्यार्थियों के लिए 1 करोड़ 17 लाख 67 हजार 500 रुपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीसी वर्ग के 2,131 विद्यार्थियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति मद में 2 करोड़ 89 लाख 51 हजार 778 रुपये स्वीकृत किए गए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। उपायुक्त ने छात्रवृत्ति आवेदनों के सत्यापन के दौरान शैक्षणिक विवरण, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र, संस्थान संबंधी जानकारी तथा बैंक खाते का नियमानुसार सत्यापन करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी सुधीर प्रसाद सिंह को छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत, अपर समाहर्ता इन्दर कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

प्राथमिक विद्यालय सारथू में जर्जर भवन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

महागामा। प्रखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सारथू का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। उखाड़ती छत के बीच कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई कराई जा रही है जिससे नौनिहालों की जान को खतरा होने की आशंका है। बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर होने के चलते अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शाहजहां ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को दो बार लिखित आवेदन देकर मरम्मत की मांग की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बरसात के दिनों में क्लास के दौरान ऊपर से पलास्टर गिरता रहता है जिससे छात्र सहमे रहते हैं।

प्रथम तुलसी साहित्य सम्मान एसडीएम बैद्यनाथ उरांव को

गोड्डा। लोकमंच की साहित्यिक शाखा द्वारा रविवार शाम स्थानीय विद्यापति भवन सभागार में तुलसी जयंती सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। मंच अध्यक्ष शिव कुमार भगत की अध्यक्षता एवं सुरजीत झा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं एवं कवियों ने जहां क्रमशः अपनी अभिव्यक्ति एवं रचनाओं से गोस्वामी तुलसी दास को शब्द सुमन अर्पित किया वहीं कार्यक्रम में एक नया आयाम जोड़ते हुए मंच द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव को उनकी सद्यः प्रकाशित एवं खासा चर्चित काव्य संग्रह अरन्या- मेरी इक्यावन कविताएं के साथ - साथ गोड्डा साहित्य जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रथम तुलसी साहित्य सम्मान प्रदान किया गया।इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी उरांव एवं बतौर विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने दीप प्रज्वलन के पश्चात संत कवि गोस्वामी तुलसी दास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया। वक्ताओं में जहां मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के अलावा विशेष तौर पर आमंत्रित वक्ता के तौर पर साहित्यकार शिव कुमार भगत, डॉ. मौसम ठाकुर, डॉ. नूतन झा, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा एवं डॉ. बंशीधर मिश्रा ने गोस्वामी जी के जीवन संघर्ष, लेखन यात्रा और रामचरित मानस, हनुमान चालीसा, विनय पत्रिका सहित अन्य महान कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला वहीं कवि गोष्ठी के तहत डॉ. ब्रह्मदेव कुमार, अनंत नारायण दुबे तुलसी एवं मानस पर आधारित अपनी कविताओं से उन्हें शब्द सुमन अर्पित किया।

सिमजुड़ी पूजा कमेटी की तैयारियां तेज

चितरंजन। दुर्गापूजा को लेकर सिमजुड़ी दुर्गापूजा कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस वर्ष कमेटी अपने पूजा आयोजन के 61वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। श्रद्धालुओं को कुछ अलग और यादगार अनुभव देने के लिए इस बार पंडाल को पुराने राजबाड़ी की स्थापत्य शैली में तैयार किया जा रहा है। पूजा की थीम 'भय पेरिये भवानी' रखी गई है। पंडाल निर्माण का जिम्मा मरांडी डेकोरेटर को सौंपा गया है। उड़ीसा से आए कुशल कारीगर पंडाल को आकर्षक रूप देने में जुटे हैं। कमेटी के सचिव अबीर गांगुली ने बताया कि पंडाल, लाइटिंग और साउंड पर करीब 8 लाख 50 हजार रुपये खर्च होंगे, जबकि पूजा का कुल अनुमानित बजट लगभग 11 लाख रुपये रखा गया है। मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण पर करीब 45 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रतिमा भी राजबाड़ी शैली में तैयार की जा रही है।पूजा के दौरान षष्ठी और सप्तमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रद्धालुओं के लिए छोटा मेला भी लगाया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर पूजा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बाहर से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

नो मैपिंग मतदाताओं के सुनवाई शुरू

बसंतराय। प्रखंड क्षेत्र के राहा गांव स्थित पंचायत सचिवालय में एसआईआर के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी नोटिस के बाद सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई? है। बताया गया की बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के 1 से 16 बूथों से संबंधित कुल 160 मतदाताओं को नो-मैपिंग के संबंध में नोटिस निर्गत किया गया था। इन मतदाताओं की सुनवाई पंचायत सचिवालय राहा में निर्धारित अवधि के दौरान की जा रही है। सुनवाई की जिम्मेदारी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बसंतराय प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी के द्वारा किया जा रही है। सुनवाई के दौरान नोटिस प्राप्त मतदाताओं से उनके मतदाता रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है।प्रशासन की ओर से संबंधित मतदाताओं से दो प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा गया है। मतदाताओं को निर्देश दिया गया है की वे निर्धारित समय के भीतर पंचायत सचिवालय राहा पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण उपलब्ध कराएं, ताकि उनके मतदाता

करोड़ों युवाओं के पास डिग्री है, हुनर नहीं

नीति आयोग ने विकसित भारत 2047 के लिए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस रिपोर्ट में शिक्षा एवं रोजगार को लेकर पांच बड़े सुधार की अनुशंसा की गई है। इनमें स्कूलों में कौशल शिक्षा का प्रशिक्षण, जिसमें आठवीं के बाद अनिवार्य रूप से स्कूल में प्रशिक्षण शुरू किया जाए। तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जो पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं उनमें उद्योगों की भागीदारी भी हो। रोजगार और कौशल परिणाम का समय-समय पर आकलन सुनिश्चित किया जाए। काम के दौरान पढ़ाई और सीखने के अवसर बढ़ाने कैरियर मार्गदर्शन के विकल्प भी उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। नीति आयोग ने कौशल आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण मात्र देने की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है, कि अभी 8 प्रतिशत माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूल ही प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। नीति आयोग का मानना है, कक्षा 6 से ही सभी स्कूलों में रोजगार, योग्यता और उद्यमिता कौशल की शिक्षा और प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। कक्षा 9 के बाद कौशल आधारित विषयों पर ध्यान देना होगा। डिग्री के साथ रोजगार भी प्राप्त हो इस हेतु उच्च शिक्षा में परिवर्तन करने की जरूरत बताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 13 फ़ीसदी स्नातक डिग्री लेने के बाद भी बेरोजगार घूम रहे हैं। भारत में स्नातक प्रशिक्षित डिग्री धारी को अधिकतम औसत 29000 रुपए की नौकरी मिल रही है वहीं अप्रशिक्षित डिग्री धारी युवाओं को अधिकतम 22 हजार की नौकरी मिल रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है, कि शिक्षा का वर्गीकरण बहुत जरूरी है। शिक्षा को पांच वर्ग में जिसमें स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, औपचारिक तथा अनौपचारिक रोजगार की शिक्षा रोजगार प्रशिक्षण के आधार पर शिक्षा व्यवस्था बनाना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट में 15 से 29 वर्ष के लगभग 8.7 करोड़ युवाओं को बेरोजगार बताया गया है, जो घरेलू और असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं। योजना आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है, कि केवल 8.25 फ़ीसदी स्नातकों को डिग्री के अनुरूप रोजगार मिला है। यह सबसे बड़ी विसंगति है। नीति आयोग ने सरकारी आंकड़ों के अनुसार अपनी रिपोर्ट पेश की है। वास्तविक स्थिति इससे भयावह है। रोजगार को लेकर जो विभिन्न सर्वे हुए हैं, उसमें स्नातक बेरोजगारों की संख्या करोड़ों में है। प्रोफेशनल डिग्री लेने के बाद भी करोड़ों लोगों को कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हुआ है। डिग्री धारी किसी तरह से अपना खर्च निकालने के लिए ऑनलाइन डिलीवरी और अन्य सेवाओं में लगे हुए हैं। जहां पर डिग्री की कोई आवश्यकता नहीं है। नीति आयोग ने भी मान लिया है डिग्री है लेकिन हुनर नहीं होने से देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती चली जा रही है। जिन लोगों ने डिग्री ले ली है जब उन्हे डिग्री के अनुरूप काम नहीं मिलता है। ऐसी स्थिति में वह हताशा में चले जाते हैं। सर्वे के दौरान जो सबसे गंभीर बातें पता लगी हैं, उनमें पढ़े-लिखे युवाओं के पास नौकरी नहीं होने के कारण उनकी शादियां नहीं हो पा रही हैं। कर्ज लेकर डिग्री प्राप्त करने वाले युवा सबसे ज्यादा परेशान हैं। उनके ऊपर कर्ज चुकाने का दबाव है। लेकिन जब कोई नौकरी नहीं मिलती है तब ऐसी स्थिति में देश में आत्महत्या की संख्या भी युवाओं के बीच में बढ़ रही है। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। जिस तरह से सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में बड़ी तेजी के साथ बदलाव आ रहे हैं, उसको देखते हुए चीन ने अपनी पूरी शिक्षा व्यवस्था को बदल दिया है। आर्थिक आधार पर युवाओं को रोजगार मिले स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा और रोजगार में समन्वय बनाने का काम चीन कर रहा है।

क्रिकेट के बहाने सत्ता, सुरक्षा और कूटनीति का अंदरूनी सच

कुमार कृष्णन

क्रिकेट को भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में अक्सर केवल खेल के रूप में देखा जाता है। लेकिन दोनों देशों के इतिहास में क्रिकेट कई बार कूटनीति का माध्यम भी बना है और कई बार सुरक्षा तथा राजनीति की जटिलताओं का आईना भी। वर्ष 2004 का भारत का पाकिस्तान दौरा इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। एक दशक से अधिक समय बाद भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान गई थी। इसे 'मैत्री दौरा' कहा गया और उस समय दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिशें चल रही थीं। हालांकि मैदान पर दिखाई देने वाले खेल के पीछे सुरक्षा, खुफिया जानकारी और राजनीतिक निर्णयों की एक जटिल कहानी थी। पूर्व खुफिया एवं सुरक्षा अधिकारी यशोवर्धन आजाद की पुस्तक 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' इस यात्रा के कुछ ऐसे पहलुओं को सामने लाती है, जो बताते हैं कि भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों में खेल से कहीं अधिक महत्वपूर्ण सुरक्षा और रणनीतिक गणनाएं होती रही हैं। पुस्तक में आजाद ने अपने लंबे अनुभव के आधार पर पुलिस व्यवस्था, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अपराध, राजनीतिक हस्तक्षेप और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रश्नों पर चर्चा की है।

वर्ष 2004 के पाकिस्तान दौरे से जुड़ा एक प्रसंग विशेष रूप से ध्यान खींचता है। पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ कराची में एक टेस्ट मैच आयोजित करना चाहते थे। लेकिन भारतीय सुरक्षा व्यवस्था ने कराची और पेशावर को टेस्ट मैच के लिए उपयुक्त नहीं माना था। आजाद उस समय भारतीय टीम की सुरक्षा से जुड़े दल में थे। सुरक्षा आकलन के बाद कराची और पेशावर में टेस्ट मैच नहीं कराने की सलाह दी गई थी। मुल्तान, रावलपिंडी और लाहौर को टेस्ट मैचों के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित माना गया।

इसी बीच आजाद को तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का फोन आया। आडवाणी ने उनसे पूछा कि क्या कराची में टेस्ट मैच कराने पर पुनर्विचार किया जा सकता है। आजाद ने सुरक्षा संबंधी कारणों की जानकारी दी। इसके बाद उनसे कहा गया कि वे इस मामले को खुफिया ब्यूरो के निदेशक के सामने उठाएं। आडवाणी स्वयं भी इस संबंध में खुफिया ब्यूरो के निदेशक से बात करने वाले थे।

आजाद के अनुसार, उन्हें यह जानकर भी आश्चर्य हुआ कि यह आग्रह सीधे उपप्रधानमंत्री तक कैसे पहुंचा। बाद में उन्हें विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान संबंधी जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारी अरुण सिंह से पता चला कि यह स्वयं राष्ट्रपति मुशर्रफ का अनुरोध था। लेकिन अंततः सुरक्षा सलाह को प्राथमिकता दी गई और सुरक्षा दल द्वारा सुझाए गए कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया गया। यह प्रसंग इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें कूटनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन दिखाई देता है। एक ओर पाकिस्तान के राष्ट्रपति की इच्छा थी और दूसरी ओर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का पेशेवर आकलन। राजनीतिक नेतृत्व के सामने विकल्प था कि वह कूटनीतिक अवसर को प्राथमिकता दे या सुरक्षा संबंधी सलाह को। अंततः सुरक्षा आकलन को स्वीकार करना यह बताता है कि संवेदनशील मामलों में राजनीतिक नेतृत्व और पेशेवर सुरक्षा तंत्र के बीच संवाद तो जरूरी है, लेकिन निर्णय लेते समय सुरक्षा संबंधी तथ्यों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

2004 का पाकिस्तान दौरा सामान्य क्रिकेट दौरा भी नहीं था। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंध लंबे समय से राजनीतिक तनाव की छाया में रहे थे। ऐसे समय में भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली की बड़ी कोशिश के रूप में देखा गया। मैदान पर खिलाड़ी थे, दर्शकों में उत्साह था और राजनीतिक नेतृत्व के लिए यह संबंध सुधारने का अवसर था। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए वही दौरा अत्यंत संवेदनशील अभियान था।

आजाद ने कराची में होने वाले एकदिवसीय मैच से पहले पैदा हुई सुरक्षा चिंताओं का भी उल्लेख किया है। उनके अनुसार, भारतीय टीम को आतंकवादी खतरे की सूचना मिली थी। इसी दौरान 11 मार्च 2004 को स्पेन के मैड्रिड में रेलगाड़ियों में बम विस्फोट हुए, जिनमें 193 लोगों की मौत हुई और करीब दो हजार लोग घायल हुए। उस समय पाकिस्तान के कबायली और शहरी क्षेत्रों में अल-कायदा के शीर्ष कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के बारे में भी खुफिया जानकारी थी।

भारतीय टीम की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे आजाद के सामने चुनौती केवल खतरे को पहचानने की नहीं थी, बल्कि यह तय करने की भी थी कि खिलाड़ियों को कितनी जानकारी दी जाए। उन्होंने टीम के प्रबंधक आर. एस. शेट्टी और प्रशिक्षक जॉन राइट के साथ इस सूचना को साझा किया और तत्काल इसे सार्वजनिक नहीं करने का निर्णय लिया। अगले दिन भारतीय टीम को कराची में एकदिवसीय मैच खेलना था।

इसके बाद इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से भी भारतीय टीम को आतंकवादी खतरे की सूचना मिली। यह सूचना खुफिया स्रोत से प्राप्त हुई थी और उसमें विशेष रूप से कराची तथा भारतीय टीम का उल्लेख था। हालांकि खतरे का विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं था, फिर भी इसे गंभीरता से लिया गया। टीम का सामान पहले ही तैयार करवा दिया गया, ताकि मैच समाप्त होते ही भारतीय टीम सीधे हवाई अड्डे के लिए रवाना हो सके।

यह प्रसंग बताता है कि सुरक्षा व्यवस्था केवल हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों की तैनाती का नाम नहीं है। इसमें यात्रा की समय-सारणी, खिलाड़ियों की गतिविधियां, सामान की आवाजाही, आने-जाने के रास्ते, संभावित खतरे और आपात स्थिति में तत्काल निकासी की योजना तक शामिल होती है। किसी संवेदनशील देश में राष्ट्रीय टीम का दौरा अपने आप में एक जटिल सुरक्षा अभियान बन जाता है।

इस गंभीर वातावरण के बीच आजाद की पुस्तक में सचिन तेंदुलकर से जुड़ा एक दिलचस्प प्रसंग भी है। इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर तेंदुलकर ने काले सूट और काले ब्रीफकेस लिए खड़े सुरक्षाकर्मियों की ओर संकेत करते हुए मासूमियत से पूछा कि क्या वे 'परमाणु बटन' लेकर खड़े हैं। जब आजाद ने उन्हें जैमर के बारे में बताया तो तेंदुलकर ने उससे जुड़े कई सवाल किए। यह प्रसंग सुरक्षा के गंभीर संसार के बीच एक मानवीय और हल्का क्षण सामने लाता है। लेकिन 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' की महत्ता केवल ऐसे रोचक प्रसंगों में नहीं है। पुस्तक की वास्तविक उपयोगिता इस बात में है कि लेखक ने सत्ता, पुलिस और सुरक्षा तंत्र को भीतर से देखा है। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर यह समझाने का प्रयास किया है कि अपराध, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और राजनीतिक हस्तक्षेप से निपटने वाली संस्थाओं के सामने किस तरह की चुनौतियां होती हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल आज पहले से अधिक जटिल हो गया है। आतंकवाद के साथ-साथ साइबर अपराध, संगठित अपराध, सीमा पार से आने वाले खतरे और सूचना के दुरुपयोग जैसी नई चुनौतियां भी सामने हैं। ऐसे समय में सुरक्षा संस्थाओं की पेशेवर क्षमता के साथ उनकी जवाबदेही भी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना किसी भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। 2004 का कराची टेस्ट प्रसंग इसी संस्थागत विवेक का उदाहरण है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति की इच्छा थी, भारत के राजनीतिक नेतृत्व के सामने कूटनीतिक अवसर था, लेकिन सुरक्षा आकलन ने जोखिम की ओर संकेत किया। अंततः टेस्ट मैच के कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया गया। उस समय यह निर्णय शायद केवल क्रिकेट कार्यक्रम से जुड़ा मामला लगा हो, लेकिन वर्षों बाद सामने आए विवरण इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और निर्णय प्रक्रिया को समझने का महत्वपूर्ण उदाहरण बना देते हैं। भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में क्रिकेट की भूमिका हमेशा दोहरी रही है। यह कभी जनता को जोड़ने का माध्यम बना, तो कभी दोनों देशों के तनाव का प्रतीक। 2004 का दौरा उस दौर की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करता था जब दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने की कोशिश हो रही थी। सौरव गांगुली की कप्तानी में भारत ने एकदिवसीय श्रृंखला 3-2 से और टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीती। लेकिन स्कोरबोर्ड से परे इस दौरे की सबसे महत्वपूर्ण कहानी सुरक्षा और कूटनीति की थी।

आजाद की पुस्तक का व्यापक संदेश भी यही है कि गणतंत्र की सुरक्षा केवल पुलिस या खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए मजबूत संस्थाएं, पेशेवर निर्णय, राजनीतिक संयम, जवाबदेही और नागरिक अधिकारों के प्रति सम्मान आवश्यक है। सुरक्षा तंत्र को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखते हुए उसकी लोकतांत्रिक जवाबदेही सुनिश्चित करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है।

इस दृष्टि से 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' केवल एक पूर्व अधिकारी का संस्मरण नहीं है। यह उस व्यवस्था के भीतर झांकने का अवसर देती है, जहां सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाले निर्णयों के पीछे अनेक स्तरों पर विचार और जोखिम का आकलन चलता है। कराची का वह टेस्ट मैच अंततः नहीं हुआ, लेकिन उसके पीछे की कहानी अब सामने आई है। क्रिकेट के मैदान पर मैच होते हैं, श्रृंखलाएं जीती और हारी जाती हैं और रिकॉर्ड बनते हैं। लेकिन किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरे की सफलता केवल खेल परिणामों से तय नहीं होती। उसके पीछे कूटनीति, खुफिया जानकारी, सुरक्षा आकलन और राजनीतिक निर्णय भी काम करते हैं। 2004 का पाकिस्तान दौरा इस बात का प्रमाण है कि कभी-कभी कोई मैच इसलिए भी इतिहास का हिस्सा बन जाता है क्योंकि वह खेला नहीं गया। कराची में टेस्ट मैच न कराने का फैसला उस समय शायद एक प्रशासनिक निर्णय था, लेकिन आज वह भारत-पाकिस्तान संबंधों, राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया के बीच जटिल संबंधों को समझने का महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। यशोवर्धन आजाद की 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' ऐसे ही पर्दे के पीछे के संसार को सामने लाती है।

पाकुड़ की खबरें

एसआईआर और एमएमडीआर बिल के विरोध में झामुमो की रणनीति तैयार, 7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालयों में धरना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)प्रखंड के गुतू गलांग हॉल में झामुमो जिला कोर कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसआईआर और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में आंदोलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजमहल सांसद विजय हांसदा, महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी और लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू मौजूद रहे।महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि झारखंड के खनिज और अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि खनिज संशोधन विधेयक के विरोध में आगामी 7 सितंबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों में धरना दिया जाएगा। राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया खनिज संशोधन विधेयक झारखंड और राज्यवासियों के हितों को प्रभावित करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रखंड स्तरीय धरना कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। वही लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि आंदोलन से पहले ग्रामीणों को विधेयक के संभावित प्रभावों और राज्य के राजस्व पर पड़ने वाले असर की जानकारी दी जाए। उन्होंने एसआईआर को लेकर भी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि अनमैप्ड और नोटिस प्राप्त मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जुटाने में सहयोग करें, ताकि किसी योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची से न हटे।जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि खनिज संशोधन विधेयक से झारखंड को होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से 7 सितंबर के धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर सहित सभी प्रखंडों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई।बैठक में झामुमो के जिला, प्रखंड, नगर, महिला, युवा, अल्पसंख्यक, किसान एवं छात्र मोर्चा के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोबाइल नेटवर्क की बदहाल व्यवस्था पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा ,बंद कराए एयरटेल और जीयो टावर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)प्रखंड के देवीनगर पंचायत में मोबाइल नेटवर्क की लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। वादाखिलाफी से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को देवीनगर स्थित एयरटेल और जियो के दोनों मोबाइल टावरों को बंद करा दिया और जमकर प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने बताया कि देवीनगर क्षेत्र में पिछले लंबे समय से नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। इंटरनेट तो दूर, सामान्य कॉल करने के लिए भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस समस्या को लेकर कुछ महीने पहले भी ग्रामीणों ने दोनों टावरों को बंद कराया था।उस समय महेशपुर थाना प्रभारी और टावर कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ समझौता हुआ था। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था

कि एक महीने के अंदर देवीनगर में 5त्न टावर चालू कर दिया जाएगा और नेटवर्क की समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। लेकिन आश्वासन के 7 से 8 महीने बीत जाने के बाद भी न तो 5त्न टावर लगा और न ही नेटवर्क में कोई सुधार हुआ।ग्रामीणों ने बताया कि यहां नेटवर्क का कवरेज पहले से ही बहुत कम है। बिजली रहने पर किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन जैसे ही बिजली कटती है वैसे ही दोनों टावर पूरी तरह बंद हो जाते हैं। ग्रामीणों के पिछले प्रदर्शन के बाद टावर परिसर में पावर बैकअप के लिए डीग्री लगाई तो गई है, लेकिन वह महज शो-पीस बनी हुई है। बिजली कटने पर डीग्री के भरोसे नेटवर्क नहीं चल पाता, जिससे पूरा गांव संचार सेवा से कट जाता है।इस वजह से छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई, किसानों के जरूरी काम और आपात स्थिति में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।टावर बंदी के दौरान मुख्य रूप से मुखिया मनोज मरांडी, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड सचिव राजकुमार भगत, उप मुखिया जहूर आलम, जाबिर हुसैन, पप्पू लाल भगत, अनुपम ओझा, फुलटु शेख, सद्दाम मियां, नंदलाल भगत, इस्तखार मियां सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक कंपनी के वरीय अधिकारी खुद गांव आकर 5त्न टावर लगाने और 24 घंटे निर्बाध नेटवर्क देने का लिखित आश्वासन नहीं देते, तब तक टावर बंद ही रहेंगे और आंदोलन जारी रहेगा।

हंसुआ फेंकने के दौरान 12 वर्षीय बच्चे के गले में घुसा, मौके पर मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के फूलपहाड़ी गांव में रविवार शाम घास काटने के दौरान हंसुआ लेने-देने के क्रम में हुए हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार फूलपहाड़ी गांव निवासी बदरुद्दीन अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र अख्तर अंसारी और मुस्लिम अंसारी का 14 वर्षीय पुत्र मरुत अंसारी रविवार को घास काटने के लिए गए थे। इसी दौरान अख्तर ने मरुत से घास काटने के लिए हंसुआ मांगा। मरुत ने हंसुआ उसकी ओर फेंक दिया। इसी दौरान हंसुआ अख्तर के गले में जा लगा। गंभीर रूप से घायल अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया।प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना हादसा प्रतीत हो रही है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए हंसुआ फेंकने वाले 14 वर्षीय किशोर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

युवाओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

पाकुड़। झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में युवा विधिक सहायता माह के तहत माय भारत युवा केंद्र, पाकुड़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के निर्देश एवं डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ पैरा लीगल वॉलंटियर कमला राय गांगुली, एएमपी जिला प्रभारी डॉ. अजीजुर रहमान, माय भारत केंद्र के सहायक मो. नूर आलम, जयश्री सिंह एवं जेड.एच. विश्वास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।पैरा लीगल वॉलंटियर कमला राय गांगुली ने युवाओं को कानूनी अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता तथा किशोरों के अधिकारों की जानकारी दी। डॉ. अजीजुर रहमान ने युवाओं से नशे से दूर रहने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षित और जागरूक युवा ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सरकारी योजनाओं एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया।मौके पर प्रिंस प्रकाश, उदय कुमार, नीरज कुमार राउत, फजर शेख सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा मौजूद रहे।

मिलाद उल नबी को लेकर शांति समिति की बैठक,

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को मिलाद उल नबी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसआई कवींद्र मिश्रा ने की। बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों आगामी 26 अगस्त को आयोजित होने वाले पर्व के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी। मौके पर मो. लियाकत अली ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मिलाद उल नबी का पर्व मनाया जाएगा। अध्यक्ष मो. जाबिर हुसैन, उपाध्यक्ष मो. जहांगीर, सचिव मो. इमरान सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि पर्व के अवसर पर मस्जिदे गोशिया में झंडा फहराया जाएगा। इसके बाद बाजार क्षेत्र में जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की बात कही गई। बैठक में प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। एसआई कवींद्र मिश्रा ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी तरह की आपत्तिजनक गतिविधि से बचने की अपील की। बैठक में अमड़ापाड़ा संताली पंचायत के मुखिया गयालाल देहरी, मो. आशिक, मो. शोएब अख्तर सहित शांति समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

नगर परिषद उपाध्यक्ष ने इस्कॉन मंदिर का किया औचक निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को नगर परिषद के उपाध्यक्ष राणा ओझा ने कालीभसान पोखर के निकट स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष सत्यवाग प्रभु ने मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के लिए पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का आग्रह किया।नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ओझा ने मौके पर मौजूद सिटी मैनेजर मनीष कुमार, जेई सुमन कुमार समेत अन्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी की टैंकर की व्यवस्था करने को कहा।उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर परिषद की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कराई जाएंगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक पर्वों के दौरान स्वच्छता, रोशनी और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देना नगर परिषद की जिम्मेदारी है।

मंदिर में चोरी से भक्तों में आक्रोश दानपात्र से नकदी गायब

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। नगर थाना क्षेत्र के राजापाड़ा स्थित प्रसिद्ध जटाधारी मंदिर में सोमवार सुबह चोरी की घटना सामने आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मंदिर का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और दो दानपात्रों को निशाना बनाया। एक दानपात्र को चोर अपने साथ ले गए, जबकि दूसरे का ताला तोड़कर उसमें रखी दान की राशि निकाल ली।सोमवार सुबह सहायक पुजारी गौरव कुमार चौबे मंदिर खोलने पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर जांच करने पर चोरी की जानकारी मिली। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुट गए और नगर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना पर नगर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाके की जांच की। तलाशी के दौरान मंदिर के पीछे झाड़ियों से एक छोटा दानपात्र बरामद हुआ। हालांकि, उसमें रखी राशि पहले ही निकाल ली गई थी।चोरों ने मंदिर में केवल चोरी ही नहीं की, बल्कि काफी नुकसान भी पहुंचाया। शिवलिंग के चारों ओर लगी पीतल की वेदी का फ्रेम उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं में नाराजगी और बढ़ गई।सहायक पुजारी गौरव कुमार चौबे ने बताया कि जटाधारी मंदिर में पहले भी पांच से छह बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चोरों ने चोरी के साथ मंदिर की संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचाया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सावन माह के सोमवार को मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण दिन मंदिर में चोरी की घटना सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है।बताया गया कि जटाधारी मंदिर पर्यटन विभाग की डी श्रेणी में शामिल है। लगातार चोरी की घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और रात के समय निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

नगर परिषद द्वारा 10 वार्डों की उपेक्षा 10 पार्षदों ने डीसी से की जांच की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। नगर परिषद में करीब दो करोड़ रुपये की सड़क योजनाओं के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर परिषद के 10 वार्ड पार्षदों ने उपायुक्त को शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि बोर्ड की विधिवत स्वीकृति से पहले ही 11 वार्डों में सड़क योजनाओं का चयन कर निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। वहीं, नगर परिषद के शेष 10 वार्डों को विकास योजनाओं से वंचित रखने का आरोप लगाया गया है।पार्षदों ने अपनी शिकायत में झारखंड गजट (असाधारण) संख्या-456, दिनांक 15 सितंबर 2014 में निर्धारित प्रावधानों का हवाला दिया है। उनका कहना है कि विकास निधि के वार्डवार वितरण और योजनाओं के चयन में जनसंख्या, क्षेत्रफल, वार्ड समिति की अनुशंसा और बोर्ड की स्वीकृति के साथ-साथ ÷अधिकतम जनसंख्या को अधिकतम लाभ÷ के सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए।शिकायत के अनुसार वार्ड संख्या 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 14, 16, 18 और 19 के लिए सड़क योजनाओं का चयन कर निविदा प्रकाशित कर दी गई है। इसके विपरीत वार्ड संख्या 01, 02, 03, 04, 12, 13, 15, 17, 20 और 21 को योजनाओं से बाहर रखा गया है।पार्षदों का आरोप है कि 2 जुलाई 2026 को हुई बोर्ड बैठक में शेष 10 वार्डों के लिए तैयार योजनाओं को भी मंजूरी नहीं मिल सकी। उनका कहना है कि उपाध्यक्ष समर्थित पार्षदों के बहुमत के कारण इन योजनाओं को स्वीकृति नहीं दी गई।पार्षदों का कहना है कि वंचित वार्डों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग की भी उल्लेखनीय आबादी है। ऐसे में योजनाओं का असमान वितरण नगर परिषद के संतुलित एवं समावेशी विकास पर सवाल खड़ा करता है।शिकायत में उपायुक्त से 11 वार

चोरी के ट्रैक्टर और बाइक बेचने की फिराक में था युवक, पुलिस ने दबोचा

चुल्हिया हाई स्कूल के पास पहाड़ी से महिंद्रा ट्रैक्टर और होंडा साइन बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। मोहनपुर थाना क्षेत्र में चोरी के ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को बेचने की कोशिश कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लाल रंग का एक महिंद्रा ट्रैक्टर और घिसे हुए रजिस्ट्रेशन नंबर वाली होंडा साइन मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त को करीब 11.15 बजे पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चुल्हिया हाई स्कूल के बगल पहाड़ी के पास एक व्यक्ति चोरी का ट्रैक्टर और होंडा साइन मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना मिलते ही मोहनपुर पुलिस ने सत्यापन कर तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर बरामद किया। ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। इसके अलावा एक होंडा साइन मोटरसाइकिल भी मिली, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर घिसा हुआ था। पुलिस ने मौके से प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद कुमार यादव, पिता शंकर यादव, निवासी पिरामोह, मोहनपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मोहनपुर थाना कांड संख्या 140/2026, दिनांक 24 अगस्त 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(4)/317(5) में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार प्रमोद कुमार का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ तालझारी थाना कांड संख्या 46/26, दिनांक 19 अगस्त 2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज है। छापेमारी टीम में मोहनपुर थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कृष्णा, पुलिस अवर निरीक्षक मनेन्द्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह और स्थानीय चौकीदार शामिल थे।

एंबुलेंस गांव के बाहर रुकी, खटिया पर घर ले जाते समय मरीज ने तोड़ा दम

बारिश में कीचड़ में तब्दील हो जाता है मसानपाड़ा का रास्ता, पक्की सड़क का वर्षों से इंतजार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रानीश्वर। रांगालिया पंचायत के मयुराक्षी विस्थापितों के लिए बसाये गये मसानपाड़ा गांव में सड़क की बदहाली अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा परेशानी बनती जा रही है। रविवार को इसका दर्दनाक उदाहरण सामने आया, जब बीमार सुनील किस्कू को अस्पताल से घर लाने के दौरान एंबुलेंस गांव के बाहर ही रुक गयी। रास्ता कीचड़ से इतना खराब था कि वाहन आगे नहीं बढ़ सका। परिजनों ने सुनील को खटिया पर टांगकर घर ले जाना शुरू किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

ग्रामीणों के अनुसार, सुनील किस्कू का अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के बाद अस्पताल से जवाब मिलने पर परिजन उन्हें एंबुलेंस से घर लेकर लौट रहे थे। एंबुलेंस मुख्य सड़क तक पहुंची, लेकिन मसानपाड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते की बदहाल स्थिति के कारण चालक वाहन को आगे नहीं ले जा सका। मजबूर होकर परिजनों ने खटिया के सहारे मरीज को घर ले जाने का प्रयास किया, इसी दौरान उनकी मौत हो गयी।

ग्रामीणों ने बताया कि मसानपाड़ा तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा चुनाव से पहले वोट बहिष्कार का एलान किया गया था। इसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, मुखिया समेत अन्य अधिकारी गांव पहुंचे और सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था।

ग्रामीणों के मुताबिक, इसके बाद सड़क का सर्वे कर डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजी गयी, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिलने से निर्माण शुरू नहीं हुआ है। बारिश में रास्ते की स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

तीन वर्षों से लगातार बाबा के दरबार पहुंच रहे हैं बबलू पांडे

देवघर। बाबा बैद्यनाथ धाम की भक्ति और आस्था श्रद्धालुओं को हर वर्ष अपनी ओर आकर्षित करती है। इसी आस्था के साथ गिरिडीह निवासी बोल बम बबलू पांडे पिछले तीन वर्षों से लगातार सावन के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलार्पण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा के दरबार में आकर उन्हें काफी खुशी और आत्मिक शांति मिलती है। बबलू पांडे ने कहा कि सावन में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना करना उनके लिए विशेष अनुभव है। बाबा के दरबार में पहुंचते ही मन को अलग तरह की शांति मिलती है और सारी थकान दूर हो जाती है। उन्होंने बताया कि वे बाबा से अपने परिवार और समाज के लोगों के सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ पर उनकी गहरी आस्था है और यही आस्था उन्हें लगातार तीसरी बार देवघर खींच लाई है। उनका कहना है कि बाबा का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे और हर किसी के जीवन में खुशहाली आए। सावन के दौरान बाबा नगरी का भक्तिमय माहौल उन्हें बेहद आनंदित करता है।

अंतिम सोमवारीको शिवालयों में जलापर्ण के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़

मधुपुर । अनुमंडल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. विभिन्न शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी. सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में आने का तांता लगा रहा. शहर के वाहे गुरु शिव मंदिर, गिरि शिव मंदिर, श्रीराम मंदिर ठाकुरबाड़ी, चांदवारी शिव मंदिर, खल्लासी मोहल्ला , डंगालपाडा , श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर, गड़िया शिव मंदिर, शेखपुरा, लालगढ़, सपाहा शिव मंदिर पिपरसोल स्थित बाबा दुबे मन्दिर में सोमवारी को लेकर उत्साह का नजारा देखने को मिला. शिवालयों में सोमवारी को लेकर विशेष पूजा अर्चना किया गया. विशेषकर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों पर अधिक देखी गई. मान्यता के अनुसार श्रावण मास के सोमवार को पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है. सावन मास में सोमवारी का विशेष महत्व माना गया है. कई शिवालयों में बाबा का श्रृंगार पूजन व रुद्राभिषेक भी किया गया. श्रद्धालुओं ने घर परिवार की सुख शांति के लिए बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया. वही मंदिरों के बाहर फलहरी जिलेबी, मिठाई की बिक्री खूब हुई. अंतिम सोमवारी को लेकर वातावरण भक्तिमय बना रहा.

पन्ना सिंह की स्मृति में लगा कांवरियां सेवा शिविर

देवघर। स्वर्गीय पन्ना सिंह की स्मृति में एसकेएमयू छात्र संघ सह क्रिएटिव स्पोकन इंग्लिश के बैनर तले सावन की अंतिम सोमवारी पर निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एसकेएमयू छात्र संघ के पूर्व सचिव सह पूर्व सीनेट सदस्य विश्वराज सिंह की देखरेख में किया गया। शिविर में देवघर पहुंचे कांवरियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सेवा की व्यवस्था की गई। आयोजन का उद्देश्य सावन की अंतिम सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को राहत और सुविधा उपलब्ध कराना था। आयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय पन्ना सिंह की स्मृति में आयोजित यह सेवा शिविर सामाजिक सहयोग और सेवा भावना का संदेश देता है।

ड्यूटी के दौरान खोया सामान लौटाकर शिक्षक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

देवघर। राजकीय श्रावणी मेला के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जसीडीह, देवघर के संकाय सदस्य, लेखक एवं शिक्षाविद डॉ. परशुराम तिवारी ने बाबा बैजनाथ मंदिर में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। अकेले ड्यूटी करते हुए उन्होंने करीब 20 मोबाइल फोन, 40 से 45 हजार रुपये नकद, दो पायल और दो बालियां बरामद कर उन्हें संबंधित लोगों तक पहुंचाने का काम किया। डॉ. तिवारी ने बताया कि ड्यूटी के दौरान मिले सामान को नियमानुसार अलाउंस कराकर संबंधित स्थान पर जमा कराया और कई लोगों को उनका सामान वापस दिलाया। उन्होंने दो बिछड़े बच्चों को भी उनके अभिभावकों से मिलाने में मदद की। इसके अलावा कई लोगों के मोबाइल कंट्रोल रूम में जमा कराए गए। कुछ लोगों की नकदी भी सुरक्षित रूप से जमा कराई गई। उन्होंने बताया कि सेवा और ड्यूटी के दौरान बरामद सामान से जुड़े लोगों में प्रयागराज, छत्तीसगढ़, पटना, लखनऊ, बंगाल, कोलकाता और बेगूसराय के लोग शामिल थे। इन लोगों का सामान सुरक्षित वापस कराने में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई। डॉ. तिवारी ने कहा कि ड्यूटी के शुरुआती दौर में बरामद सामान को मजिस्ट्रेट रूम में जमा कराने के दौरान ही पूरा रिकॉर्ड तैयार किया गया।

अमर शहीद राजगुरु की जयंती मनाई गई

मधुपुर । शहर कै भेड़वा नावाडीह स्थित राहुल अध्ययन केन्द्र में अमर शहीद राजगुरु की जयंती मनाई गई. मौके पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये. मौके पर जलेस के प्रांतीय सह सचिव धनंजय प्रसाद ने कहा कि जिन क्रांतिकारियों के बूते आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं. जिनके लिए देश ही सब कुछ था, उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया राजगुरु वैसे क्रांतिकारियों में से एक थे. उन्हें भगतसिंह व सुखदेव के साथ 23 मार्च 1931 को क्रूर अंग्रेजी हुकूमत के द्वारा फांसी दे दी गई और वे तीन वीर बांकुरों ने हंसते - हंसते देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी.

लोक अदालत से विवादों के त्वरित समाधान का संदेश

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वावधान में सोमवार को घासीपुर पंचायत में स्थायी लोक अदालत की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को लोक अदालत की उपयोगिता, उनके विधिक अधिकारों तथा विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत की सदस्य नीता कुमारी एवं काजल कुमारी ने लोगों को लोक अदालत की कार्यप्रणाली और इसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत विवादों के वैकल्पिक समाधान का प्रभावी माध्यम है, जहां पक्षकार आपसी सहमति और समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है तथा पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द भी कायम रहता है। स्थायी लोक अदालत के माध्यम से बैंकिंग, ऋण, चेक बाउंस, विद्युत, दूरसंचार सहित विभिन्न प्री-लिटिगेशन मामलों को समझौते के आधार पर निस्तारित कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। लोगों को जानकारी दी गई कि पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम

देवघर संताल एक्सप्रेस । देव संघ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड एजुकेशनल रिसर्च (डिपसर), देवघर में एनएसएस इकाई-1 के तत्वावधान में सोमवार को ÷फायर एक्सटिंग्विशर एवं अग्नि सुरक्षा÷ विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में देवघर जिला अग्निशमन विभाग से पहुंचे अग्निशमन अधिकारी ने आग लगने के प्रमुख कारणों, बचाव के उपायों तथा आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की प्रक्रिया समझाते हुए अग्निशमन उपकरणों के व्यावहारिक इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया।

बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती को लेकर हुई कमिटी का विस्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । शहर कै कुंडू बंगला स्थित निजी आवासीय परिसर में गणिनाथ गोविंद जी महाराज वार्षिक जयंती महोत्सव को लेकर

सुरेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष श्री श्री 108 कुलदेवता बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की वार्षिक जयंती महोत्सव का आयोजन 19 सितंबर , शनिवार को बाबा गणिनाथ मंदिर काली मंडा मधुपुर में हर्षोल्लास एवं भव्य तरीके से मनाया जाएगा.पूजा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्न सदस्यों का चयन किया गया. संचालन समिति में संतोष शरण, उत्तम साह एवं दिवाकर गुप्ता को रखा गया है. पूजा समिति के अध्यक्ष कै रूप में सोनू गुप्ता, उपाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता व सूरज गुप्ता चयन किया गया है. वही सचिव कै लिए विशाल शरण, अंकित शरण को कोषाध्यक्ष, सह-सचिव राजा गुप्ता व मीडिया प्रभारी सनी गुप्ता व विवेक गुप्ता बनाया गया है. अध्यक्ष सोनू गुप्ता ने कहा कि बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आपसी सहयोग, एकता और समर्पण के साथ आयोजन को भव्य, शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे. समिति की ओर से समाज के सभी लोगों से अपील की गई कि बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज के वार्षिक जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनाएं.

अंतिम सोमवारी पर सनातन फाउंडेशन ने लगाया सेवा शिविर, कांवरियों को बांटा प्रसाद

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार के अवसर पर खिजुरिया पथ स्थित भूत बंगला के समीप सनातन फाउंडेशन एवं महादेव कृपा की ओर से सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने वाले कांवरियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए उन्हें पानी, शरबत, केला, सेब एवं जूस का वितरण किया गया। सेवा शिविर में बड़ी संख्या में कांवरियों ने पहुंचकर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर सनातन फाउंडेशन के निर्देशक सह महादेव कृपा के संरक्षक विजय प्रताप सनातन, ललन मिश्रा, सुप्रीती सिंह, खुशी देव, महादेव कृपा के संस्थापक बीरू राज शाही, गीता सिंह, प्रभाकर, नेहा सिंह, नकुल प्रजापति, कृष्णा यादव, रेशम वर्णवाल, बंधन शाही, अभय शाही, सजल मिश्रा, मंटू सिंह, उत्तम राय, प्रेरणा गुप्ता, खुशी कुमारी, मुन्ना राउत, सर्वेश राजपूत, राहुल राज एवं मिठू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि कांवरियों की सेवा करना बाबा बैद्यनाथ के भक्तों के प्रति समर्पण और सेवा भाव का प्रतीक है।

नेपाल के मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बाबा बैद्यनाथ के किए दर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । पवित्र सावन माह में बाबा बैद्यनाथ की नगरी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं से गुलजार है। इसी क्रम में नेपाल के मधेश प्रदेश (जनकपुर) के मुख्यमंत्री कृष्ण प्रसाद यादव एवं कृषि मंत्री श्याम पटेल सड़क मार्ग से देवघर पहुंचे। दोनों ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने बाबा बासुकीनाथ धाम में भी दर्शन-पूजन किया। धार्मिक यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने देवघर के प्रसिद्ध तपोवन क्षेत्र का भ्रमण किया।

मधुपुर-गिरिडीह एनएच के पास सिंचाई कूप में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

संवाददाता

मधुपुर । गिरिडीह एनएच 114 ए के पास अररिया पहाड़ी गांव के एक सिंचाई कूप से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. सोमवार सुबह करीब 8 बजे कूप में शव मिलने की सूचना पर गांव के लोग काफी संख्या में जमा हो गए. नारायणपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नसरुल सिद्दीकी ने मामले की जानकारी बुढ़ई थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही बुढ़ई थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे घटना का जायजा लिया. ग्रामीणों ने बताया कि थाना प्रभारी ने शव को कूप से निकलवाने की व्यवस्था का आश्वासन देकर गए हैं. शव से दुर्गंध आने के कारण लोग कई तरह की आशंका जता रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि हो सकता है किसी की हत्या कर शव को कूप में फेंक दिया गया हो. ग्रामीणों के अनुसार सिंचाई कूप मुख्य सड़क से कुछ ही दूरी पर स्थित है. पुलिस ने कहा कि शव बाहर निकलने के बाद ही उसकी पहचान और मौत के कारणों का पता चल पाएगा.

शिवगंगा क्षेत्र में घायल श्रद्धालु का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया उपचार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । श्रावणी मेला 2026 के दौरान देवतुल्य श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार तत्परता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को शिवगंगा क्षेत्र में एक श्रद्धालु गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य व्यवस्था में तैनात टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए घायल श्रद्धालु को शिवगंगा स्थित स्वास्थ्य शिविर पहुंचाया। मेला प्रभारी डॉ. के.के. सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों ने घायल श्रद्धालु की प्राथमिक जांच की। चोट की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल आवश्यक उपचार शुरू किया। घायल के जख्म की सफाई करने के बाद चिकित्सकीय प्रक्रिया के तहत टांके लगाए गए।

मधुपुर के मदीना मोहल्ला में बंद घर में चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । थाना क्षेत्र के मदीना मोहल्ला में एक बंद घर में चोरी की घटना सामने आई है. घटना को लेकर पीड़ित के भाई ने मधुपुर थाना में लिखित सूचना दी है. थाना प्रभारी को दिए आवेदन में मदीना मोहल्ला निवासी मो. अख्तर हुसैन ने बताया कि 24 अगस्त को उनके बड़े भाई जफर हुसैन के घर में चोरी हो गई. आवेदन के अनुसार उनके भाई अपने इलाज के लिए सपरिवार भुवनेश्वर ओडिशा गए हुए हैं. घर में ताला बंद था और बाहर से घर पर जाने के लिए गेट की चाबी मिस्त्री के पास थी, जिनके द्वारा घर में पुट्टी का काम चल रहा था. सोमवार को जब मिस्त्री ने बाहर का गेट खोला तो देखा कि सामने का गेट खुला हुआ है और ताला टूटा हुआ है, अंदर का लकड़ी का दरवाजा भी खुला हुआ था. मिस्त्री ने इसकी सूचना फोन पर तौसिफ जफर को दी और आसपास के लोगों को भी बताया. पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले की जांच करने की मांग की है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

कानू विकास संघ ने लगाया सेवा शिविर

देवघर। सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर कानू विकास संघ, देवघर की ओर से कांवरियों की सेवा के लिए बोल बम निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में दूर-दराज से पहुंचे हजारों कांवरियों के बीच फल, शरबत, लस्सी, शुद्ध जल और प्रसाद का वितरण किया गया। सेवा शिविर का संचालन देवघर युवा कमेटी ने किया। आयोजन में संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेवा कार्य के दौरान कांवरियों की सुविधा और जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया। शिविर में अध्यक्ष योगेंद्र साह, युवा अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार, महिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता, राम साह, मनोरंजन साह, कौशल किशोर साह, विनोद साह, कुमार सौरभ, मुन्ना साह, जितेंद्र साह, अनिल साह, संजय कुमार साह और दिलीप साह सहित समाज के लोग, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी ने हजारों कांवरियों को पिलाया फलाहारी जूस

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला 2026 के दौरान बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कांवरियों की सेवा के लिए चलंत सेवा लगातार जारी है। संस्था की यह सेवा रूट लाइन,बीएड कॉलेज, कांवरिया पथ,जालसार पार्क होते हुए बाबा मंदिर तक संचालित की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को मत्स्य विभाग के सामने स्टॉल लगाकर हजारों कांवरियों के बीच फलाहारी जूस का वितरण किया गया। भीषण गर्मी और लंबी यात्रा के बीच जूस पाकर कांवरियों ने राहत महसूस की। सेवा कार्य में संस्था के सचिव डॉ. मनोज कौशिक, कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी पल्लवी सहित टीम के दर्जनों सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और श्रद्धालुओं की सेवा की। संस्था के सचिव डॉ. मनोज कौशिक ने बताया कि कांवरियों की सेवा संस्था की ओर से वर्षभर विभिन्न रूपों में जारी रहती है। श्रावणी मेला के दौरान खजुरिया से कटोरिया तक आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, दांडी बम एवं कांवरियों को डाबर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए जूस का वितरण किया जा रहा है।

डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सीखी राखी निर्माण की कला

देवघर संताल एक्सप्रेस । देव संघ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड एजुकेशनल रिसर्च (डिपसर), देवघर में डी.एल.एड. सत्र 2026-28 के प्रशिक्षुओं के लिए राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और स्वावलंबन की भावना को विकसित करना रहा। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं ने विभिन्न रंगों, सजावटी सामग्रियों एवं अन्य रचनात्मक वस्तुओं का उपयोग कर आकर्षक एवं सुंदर राखियों का निर्माण किया। प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्हें हस्तनिर्मित वस्तुओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों से जुड़ने का अवसर मिला। कार्यशाला ने प्रशिक्षुओं में सृजनात्मकता, कौशल विकास, सहयोग की भावना एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कांवरियों की सेवा में रातभर जुटी यूथ वॉइस

देवघर। यूथ वॉइस देवघर की ओर से रविवार रात कांवरियों की सेवा के लिए विशेष रात्रि सेवा अभियान चलाया गया। रात 10 बजे से सोमवार सुबह 3 बजे तक कांवरिया रूट के विभिन्न स्थानों पर सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच शुद्ध पेयजल, लस्सी, माजा, नींबू चाय और चिकित्सा से जुड़ी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई। सेवा अभियान में शुभम कुमार, अनुज राय, सूरज चौधरी, राजीव रंजन राय, शिवम सिंह, अभिजीत सिंह, भास्कर कुमार राय, अभिषेक सिंह, सिंटू कुमार, पीयूष शर्मा, कृष्ण शाही, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, बंटी कुमार, अमर कुमार, प्रीतम कुमार, प्रीतम भारद्वाज, अंकित राय, धीरेंद्र चौधरी, अंकित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं में महेंद्र मुनि ने बिखेरा जलवा

मधुपुर । विगत शनिवार को महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यासागर में आयोजित देवघर विभाग की विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं में महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुपुर का जलवा बरकरार रहा. ज्ञात हो कि विज्ञान, वैदिक गणित व संस्कृति बोधमाला की प्रतियोगिताएं शिशु, बाल व किशोर वर्ग की श्रेणियां में आयोजित हुआ था. उसी कडी में आज विद्यालय में एक सभा आयोजित कर सफल स्थान प्राप्त छात्र -छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

आयुक्त शैलेंद्र कुमार ने की बासुकीनाथ में पूजा

जरमुंडी । राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के 26वें दिन संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल सोमवार को बासुकिनाथ मंदिर पहुंचे। मंदिर में कांवरियों के सुविधार्थ जलार्पण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने बाबा फौजदारीनाथ का जलार्पण कर मंदिर परिसर में आरती की। मंदिर के पंडितों ने उन्हें विधि विधानपूर्वक पूजा आरती कराया। देश के विभिन्न भागों से आनेवाले श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा, सावन में कांवरियों की सेवा से बड़ा दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं. मौके पर एसडीओ कौशल कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

रफ्तार का कहर : दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन कांवरिया घायल

सरैयाहाट (दुमका)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को रफ्तार के कारण दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पहली दुर्घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ेत गांव के पास हुई। यहाँ दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पांच कांवरिया जा रहे थे। दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइक आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में बाइक पर सवार दो कांवरिया गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दूसरी दुर्घटना सड़क पर बने एक स्पीड ब्रेकर के पास हुई। एक मोटरसाइकिल चालक काफी तेज गति में आ रहा था। जैसे ही उसकी नजर स्पीड ब्रेकर पर पड़ी, वह बाइक पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ने के कारण वह सड़क पर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया और बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में सभी घायलों का इलाज जारी है।

ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति का पैर कटा

साहिबगंज- तालझारी थाना क्षेत्र के छोटाबन्ना पाड़ा बाकुड़ी निवासी महेश मालतो सोमवार को अपनी बेटी से मिलने तालझारी स्थित कस्तूरबा विद्यालय जा रहा था. इसी दौरान तालझारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया.मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार को दोपहर 2-25 बजे की बताई जा रही है.ट्रेन संख्या 53411 आजीमगंज-जमालपुर पैसेंजर की चपेट में आने से महेश मालतो का दाहिना पैर कट गया.शरीर कव बायां पैर भी घुटने के पास गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना के बाद प्रजापति प्रकाश बाबा सहित अन्य लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी पहुंचायाजहां चिकित्सक व ड्रेसर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया.

सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं की समीक्षा, लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम-कुसुम, किसान समृद्धि योजना, ज्रेडा सहित सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई .बैठक में जिले में संचालित सौर ऊर्जा योजनाओं की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई.बैठक में डीसी ने पूर्व में अधिष्ठापित सोलर ऑफ-ग्रिड संयंत्रों के समुचित रख-रखाव एवं आवश्यक मरम्मति हेतु संबंधित संवेदक से पत्राचार करने का निर्देश दिया. साथ ही किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत सोलर पंपों के अधिष्ठापन के लिए संबंधित संवेदक को पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया.उन्होंने जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में अधिष्ठापित सोलर रूफटॉप संयंत्रों की वर्तमान स्थिति की जांच एवं भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके अतिरिक्त पूर्व में प्राप्त सभी अधियाचनाओं को संकलित कर ज्रेडा को प्रेषित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया.बैठक में जिले में खराब सोलर उपकरणों की शीघ्र मरम्मति हेतु स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन (मैनपावर) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया.डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को सौर ऊर्जा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए लंबित कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत शंभू नाथ चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे

अंतिम सोमवारी भक्तों ने की जलार्पण व पूजा अर्चना

साहिबगंज- सावन मास की अंतिम सोमवारी को लेकर साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों को आकर्षक पुष्प व विधुत सज्जा से सजाया गया है.वही साहिबगंज व राजमहल के उत्तर वाहिनी गंगा में हजारो लोगों ने आस्था का डुबकी लगाई .गंगा स्नान करने के लिए जिला मुख्यालय के गंगा घाट पर अहले सुबह चार बजे से ही महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी थी.वहीं भक्तों ने नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलार्पण कर पूजा अर्चना किया.नगर के चौक बाजार डाकीनाथ महादेव मंदिर, महाकालेश्वर शिव मंदिर, जीआरपी शिव मंदिर , पुलिस लाइन शिव मंदिर ,घास मार्केट शिव मंदिर,बम काली मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर,गंगा घाट शिव मंदिर, पुरानी साहिबगंज शिव मंदिर सहित सभी शिव मंदिरो में पूजा-अर्चना करने के लिए दिन भर महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ी रही.देर शाम मंदिर में आलती करने व भोग ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी.

उधवा में ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी कर गहने की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं. क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटनाओं ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा कर दिया हैं. अपराधी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं. जबकि पिछले दिनों कई चोरी की घटनाओं के बावजूद शातिर चोर पुलिस के गिरफ्त से दूर है. वही इसी क्रम में चोरों ने उधवा पाकीजा मोड़ के समीप स्थित एक ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाकर हजारों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिया. जानकारी के अनुसार, विष्णु स्वर्णकार की ज्वेलरी दुकान में चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सेंधमारी की. शातिर चोरों ने दुकान की पक्की दीवार से करीब चार ईंटें काटकर अंदर घुसने का रास्ता बनाया. इसके बाद दुकान के भीतर रखी डबल लॉक वाली लोहे की आलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे करीब 300 ग्राम चांदी तथा तीन आने सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी सोमवार की सुबह चली. दुकान संचालक विष्णु स्वर्णकार जब रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचे और शटर उठाया तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए. दुकान में सामान बिखरा पड़ा था और लोहे की अलमारी का ताला टूटा हुआ था. जांच करने पर दुकान की पक्की दीवार में भी बड़ा छेद मिला. जिसके जरिए चोरों ने अंदर प्रवेश किया था. इसके बाद दुकानदार ने तत्काल घटना की सूचना राधानगर थाना पुलिस को दी. चोरी की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. वहीं राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस अधिकारियों ने दुकान के अंदर और आसपास के इलाके का बारीकी से निरीक्षण किया. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है. फुटेज के माध्यम से चोरों की गतिविधियों, उनके आने-जाने के रास्ते और संभावित पहचान का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. राधानगर थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय दुकानदारों में चिंता बढ़ गई है. व्यवसायियों का कहना है कि रात के समय बाजार और प्रमुख स्थानों पर पुलिस गश्ती और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की जरूरत है.फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. चोरी हुए आभूषणों की कीमत का आंकलन किया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है.

INVITING REQUEST FOR PROPOSAL(R.F.P.)
WATER RESOURCES DEPARTMENT
GOVERNMENT OFJHARKHAND

NIT NO. : WRD/JH/CE/DMPH/RFP/28/2026
National Competitive Bidding

1.	Name of the Work	Request for Proposal for Conducting Studies and Preparation of Detailed Investigation Reports on Comprehensive Dam Safety Evaluation/ Structural Health Assessment for Dam Rehabilitation/ Preparation of Emergency Action Plan, Operation and Maintenance Manual etc. of Suryodi Dam under Chief Engineer, WRD, Deoghar Water Resources Department, Govt. of Jharkhand
2.	Mode of Submission of Bids	Online through www.jharkhandtenders.gov.in
3.	Tender fee (In INR)	**Rs.10,000.00 (Ten thousand only) - ----(Non-refundable)**
4.	Bid Security (In INR)	**Rs.1,00,000/ - (One Lakh only)**
5.	Time of completion	150 days from the date of agreement
6.	**Date of availability of Bidding Document on Website**	27/08/2026;16:00 HRS
7.	Last Date and time of submission of pre- bid **queries**	07/09/2026;11:00 HRS
8.	Date of Pre Bid Meeting	08/09/2026; 11:30HRS Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002
9.	Last Date of Submission of online Bids	24/09/2026;15:30HRS
10.	Date & time of opening of Technical Bid	25/09/2026;16:30HRS Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002
11.	**Name of address of E-** procurement officer	Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 *Email:cedesign-wrd-jhr@nic.in*
12.	Helpline no.	9162471847, 09787107524, 09599321224, 09304037930, 09110975717

Note:- Please see details on www.jharkhandtenders.gov.in

Chief Engineer
Design, Master Planning &Hydrology,
Water Resources Department,
Government of Jharkhand

PR 388288 Water Resource (26-27)_D

साहिबगंज में गंगा बह रही है खतरे के निशान से ऊपर,कई गांव कटाव के चपेट में

दियारा के कई गांव घिरा के पानी से,शहरी इलाकों में भी प्रवेश करने लगा है बाढ़ का पानी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - सूबे के एक मात्र जिला साहिबगंज जिले में पिछले कई दिनों से गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है. वही गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण गंगा उफान पर है.और सोमवार को साहिबगंज में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है. मिली जानकारी के अनुसार रविवार से सोमवार के बीच यानी 36 घंटा में गंगा के जलस्तर में 36 सेमी वृद्धि दर्ज की गई है. केंद्रीय जल आयोग पटना से जारी रिपोर्ट के अनुसार साहिबगंज में प्रतिदिन गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है. गंगा के जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है.क्योंकि बक्सर से फरक्का तक कई साइडों पर गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है.केंद्रीय जल आयोग के अनुसार साहिबगंज में सोमवार की सुबह 6 बजे गंगा का जलस्तर 27.30 मीटर मापा गया.जो चेतावनी रेखा 26.25 मीटर से 01.05 मीटर उपर व खतरे के निशान 27.25 मीटर से 05 सेमी उपर बह रही है.आयोग के अनुसार यूपी के बक्सर से फरक्का तक सभी साइडों में गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है.

कटाव के जद में कई गांव

दियारा में रहने वाले लोगो के अनुसार गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण साहिबगंज सदर प्रखंड क्षेत्र के कारगिल, बैधनाथ पुर दियारा व हर प्रसाद में गंगा कटाव शुरू हो गया है.ग्रामिणो ने बताया कि अभी तक दो घर व एक सौ बीघा जमीन गंगा में समा गया है.लोगो ने बताया कि गंगा में तेज धार व उफान के कारण कटाव हो रहा है.लोगो ने बताया कि कारगिल दियारा, रामपुर,रामनगर,गरमटोला , शोभन पुर दियारा चारों ओर बाढ़ के पानी से घिर गया है.खेतो में भी बाढ़ का पानी घुस गया है.सोमवार को नाव व गंगा में हेला कर लगभग एक सौ मवेशियों को ऊंचे स्थानों में लाकर रखे है.नदी में वही गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगो को एक बार फिर बाढ़ का भय सताने लगी है.वही बढ़ते जलस्तर के कारण शहर के निचले इलाकों में भी गंगा का पानी प्रवेश करने लगा है.वही जिला प्रशासन बाढ़ पर नजर बनाएं हुए है.जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी गंगा किनारे व दियारा में रहने वाले लोगो पर व बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाएं हुए है.

शिवगादी में 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट/ श्रावण की अंतिम सोमवारी पर मिनी बाबाधाम शिवगादी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही. सोमवार को लगभग 50 हजार से अधिक शिवभक्तों ने बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव का दर्शन कर जलाभिषेक किया. अहले सुबह से शुरू हुआ जलार्पण का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा.रविवार को दिनभर श्रद्धालुओं का शिवगादी धाम पहुंचना जारी रहा. रात करीब 10 बजे के बाद भक्तों की संख्या बढ़ गई और विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु वाहनों से पहुंचने लगे. सोमवार सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में भक्तों की आवाजाही तेज हो गई.अपराह्न करीब 2.30 बजे तक श्रद्धालुओं का आना जारी रहा. शिवभक्तों ने बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव की पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगीं. अंतिम सोमवारी के अवसर पर शिवगादी धाम में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा.श्रद्धालुओं ने प्रसाद, फूल-माला और अन्य पूजन सामग्रियों की भी जमकर खरीदारी की.वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान व मंदिर कमिटी के पदाधिकारी व स्वयं सेवक मौजूद थे.

बरहेट प्रखंड कार्यालय में एसआईआर कार्य तेज, मतदाताओं की हुई सुनवाई

बरहेट- विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत् सोमवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई. आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे मतदाताओं के कागजातों की जांच कर उनकी आपत्तियां एवं दावे दर्ज किए गए. अपर समाहर्ता विजय कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद और जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार की देखरेख में बीडीओ अंशु कुमार पांडेय, प्रखंड निर्वाचन नोडल पदाधिकारी रुकेश गुप्ता, ऑपरेटर अभिषेक कुमार, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों ने कार्य संपादित किया. पूर्व में जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था. उनके मूल दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया. अधिकारियों ने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. साथ ही निर्वाचन कर्मियों को एसआईआर कार्य पूरी गंभीरता और सावधानी से करने के निर्देश दिए गए.

साहिबगंज के बोरियों में एमजीआर रेल लाइन पर मालगाड़ी के चपेट में आने से एक घायल,मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- बोरियो थाना क्षेत्र के तेलो गांव में एमजीआर ट्रैक पर मालगाड़ी के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए बोरियों सीएचसी में भर्ती कराया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. बाद में घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से उसे फिर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. हालांकि हायर सेंटर ले जाने से पूर्व घायल युवक ने दम तोड़ दिया. मृतक के जीजा चंदन मुर्मू ने बताया कि तेलो निवासी जेम्स किस्कू उम्र 35 वर्ष शौच करने के लिए रेलवे लाइन पार कर जा रहा था. इसी दौरान मालगाड़ी की चपेट में वह आ गया था. बोरियो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया. शव का पोस्टमार्टम डॉ फरोग हसन ने किया. उसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया. घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

साहिबगंज में भर्ती-सह-निबंधन कैंप से युवाओं को मिला अवसर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- जिले के युवाओं एवं युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने, उनके हुनर को निखारने तथा निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड रांची के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर साहिबगंज द्वारा कार्यालय परिसर में भर्ती कैंप-सह-निबंधन कैंप का सफल आयोजन किया गया.आयोजित भर्ती कैंप में निजी क्षेत्र के कुल 03 स्थानीय नियोक्ताओं ने भाग लिया. ग्राहक बनाए रखने वाला अधिकारी, शिक्षक, मोबिलाइजर सहित विभिन्न पदों के लिए कुल 54 रिक्तियां प्राप्त हुई थीं. भर्ती प्रक्रिया के दौरान 11 अभ्यर्थियों का चयन किया गया. जबकि 18 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया.वहीं कैंप के माध्यम से 20 अभ्यर्थियों का झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन कराया गया. जिससे उन्हें भविष्य में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ.कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ कौशल विकास के अवसरों की भी जानकारी दी गई. कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित ईडीएस स्किल सेंटर, साहिबगंज के प्रतिनिधि द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों को जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों में नामांकन हेतु प्रेरित एवं प्रेषित किया गया.

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर सं.: ईएल-48-26, माहित 20.08.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन चालु विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओलाकान् कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** (क) आसनसोल मंडल- 07 स्टेशनको रे 12 लिट लागाव रेयाक् बेबोसता (रानीगंज-01, जसीडीह-01, मधुपुर-01, दुर्गापुर-02, मानकर-04, बासुकीनाथ-02, चितरंजन-01)। (ख) लिट लागित् 02 बोछोर रेयाक् वारंटी सोमोय पुराक् तायोम 05 बोछोर रेयाक् पुराउ जेलजोतोन अनुबंध। (ग) इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई पार्ट। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु.5,74,33,684.80, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **बायना पायसाः** रु. 11,48,700/-, **कामी लागित् पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 15.09.2026 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-226/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे होंं बेबोसता आकान

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

नाम नगर सब-स्टेशन में चार घंटा विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी आज

मंडरो-मंडरो प्रखंड के नाम नगर सब-स्टेशन से 25 अगस्त मंगलवार को 4 घंटा विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इस संबंध मे कनीय अभियंता नील गगन ने बताया कि मंगलवार को नाम नगर सब-स्टेशन में पुराने स्वीच को बदल कर नया स्वीच लगाने का कार्य किया जाएगा. इसको लेकर मंगलवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.

सदर अस्पताल में अत्याधुनिक मशीन से आंख जांच व इलाज की सेवा का होगा शुभारंभ

साहिबगंज- साहिबगंज जिलेवासियों के लिए खुशखबरी यह है कि रक्षाबंधन के दिन से सदर अस्पताल में आंख की जांच व इलाज की सेवा का शुभारंभ होगा. सदर अस्पताल में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आंख जांच का हाईटेक मशीन पहुंचा. मशीन में आंख रेटीना जांच मशीन, पेरीमीटर, काला मोतियाबिंद के जांच के लिए नॉन कॉन्टेक्ट टोनोंमीटर, ए स्कैन ओर बी स्कैन मशीन सहित कई मशीन पहुंचा. वही सदर अस्पताल में आंख के इलाज के लिए फेंको मशीन है. वही सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान व डीएस ने मशीनों का जायजा लिया ओर जल्द से जल्द मशीन का इंस्टॉलेशन कार्य पूर्ण करके कक्ष को पूरी तरह से तैयार रक्षाबंधन से पूर्व करने का सख्त निर्देश दिया. रक्षाबंधन के दिन से जिलावासियों को सदर अस्पताल में ही आंख का जांच ओर इलाज सदर अस्पताल परिसर के डायग्नोसिस सेंटर परिसर के पूर्व एसआरएल कक्ष में अत्याधुनिक मशीनों से आंख की जांच की जाएगी.

कटाव के जद में कई गांव

मरीजों को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताः डीडीसी

साहिबगंज- डीडीसी सतीश चंद्रा ने सोमवार को साहिबगंज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएस डॉ. रामदेव पासवान व डॉ. मुकेश कुमार मौजूद थे. डीडीसी ने सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था, इमरजेंसी सेवाओं, मरीजों की चिकित्सकीय देख-भाल के अलावे अस्पताल के द्वारा मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया.उन्होने व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए. साथ ही मरीजों के बेड पर प्रति दिन चादर बदलने की हिदायत की.उन्होने कहा कि मरीजों को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. इस पर अस्पताल प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है.डीडीसी ने एसएनसीयू वार्ड का भी जायजा लेते हुए कई निर्देश दिए है.

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,देवघर

रंगीन मछली पालकों के लिए आम सूचना
प्रेस विज्ञापन संख्या – 18/2026–27

एतत् द्वारा देवघर जिला के रंगीन मछली पालन/रंगीन मछलियों के ब्रीडींग/एक्वेरियम निर्माण इत्यादि कार्य जुड़ी हुई महिलाओं को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2026–27 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश संख्या 25 रा0 (वि0) दिनांक 11.08.2026 द्वारा नये रंगीन मछली इकाई (रंगीन मछली पालकों को पूरक सामाग्री का वितरण) हेतु लघु शीर्ष–101–अन्तर्देशीय मछली पालन में 05 इकाई का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके लिए इच्छुक रंगीन मछली पालकों से दिनांक 05.09.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा पूर्व से संचालित रंगीन मछली कार्य से जुड़ी हुई महिलाओं को भी पूरक सामग्री उपलब्ध कराया जाना है। आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, देवघर से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, देवघर

PR 388305 Deoghar(26-27).D

कार्यालय,
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

राजमहल अंचल अंतर्गत भोलसरी तालाब, दाग नं0–376 का डाक की सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 1325 दिनांक 11.10.2023 के कंडिका–04 एवं झारखण्ड सरकार, सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410, दिनांक–29.06.2011 के कंडिका–08 के आलोक में राजमहल अंचल अंतर्गत भोलसरी तालाब, दाग नं0–376, रकवा–6.85 एकड़, वार्षिक सुरक्षित जमा राशि मो0– 40,000/– (चालीस हजार) रूपये की अल्पकालीन बंदोबस्ती वर्ष–2026–27 से 2028–29 तक तीन वर्षो के लिए सीमित डाक के माध्यम से राजमहल प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, राजमहल एवं मोकिमपुर पंचायत गंजेटिक मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 के साथ की जा सकती है बशर्ते दोनो समिति अहर्ता पूर्ण करती हो। **वर्तमान में दोनो समिति बंदोबस्ती हेतु अहर्ता नही रखते है। इस कारण से उक्त जलकर की अल्पकालीन बंदोबस्ती विभागीय परिपत्र–114 दिनांक–18.01.1992 के आलोक में खुले डाक के माध्यम से किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की जाती है:–**

डाक की निर्धारित तिथि व समय :–11.09.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न
डाक का स्थान :– अपर समाहर्त्ता, साहेबगंज के कार्यालय कक्ष।

डाक में भाग लेने हेतु शर्तें:–

1. डाक में भाग लेने वाले अपना आधार कार्ड मूल प्रति के साथ भाग लेंगे एवं वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत रकम प्रतिभूति राशि के रूप में जमा कराकर डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।
2. उच्चतम डाकवक्ता द्वारा डाकी गयी राशि के आलोक में पूरी राशि एकमुश्त जमा करना होगा।
3. बंदोवस्ती के उपरांत उच्चतम डाकवक्ता को डाक राशि का निबंधन शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क नियमानुसार जमा करना होगा।
4. डाक से संबंधित विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
5. यदि बंदोवस्ती अवधि के दौरान नियमानुसार किसी तालाब/जलकरों में सुरक्षित जमा राशि में बढ़ोतरी होती है, तो बंदोवस्तधारी समिति को बढ़ोतरी राशि जमा करना होगा।
6. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये डाक को अस्वीकृत अथवा रद्द कर सकते है।

नोट :– यदि दोनो समिति (प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय) बंदोबस्ती प्राप्त करने हेतु विभागीय परिपत्र–114 दिनांक–18.01.1992 के आलोक में वांछित कागजात (1) समिति के पास पूर्व का सरकारी राशि बकाया नही है से संबंधित प्रमाण पत्र, (2) समिति का अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन, (3) समिति के आम सभा की बैठक, (4) कार्यकारिण समिति का बैठक की कार्यवाही, (5) सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, साहेबगंज द्वारा निर्गत बंदोबस्त हेतु प्राप्त अनुशंसा, (6) समिति के कुल सदस्यों की सूची, (7) निर्वाचण संबंधी प्रमाण–पत्र डाक की निर्धारित तिथि के तीन दिन पूर्व तक जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज में समर्पित करेंगे तो दोनो समिति के बीच निर्धारित तिथि को सीमति डाक आहूत की जायेगी **अन्यथा विभागीय परिपत्र–114 दिनांक–18.01.1992 के आलोक में खुले डाक के माध्यम से जलकर की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जायेगी।**

ह0/– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।

PR.NO.388263 Fish(26-27):D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, दुमका

अनुदानित दर पर कृषि यंत्र एवं कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सं0– 41, दिनांक– 05.08.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना हेतु अनुदान (अधिकतम 80 प्रतिशत) पर कृषि उपकरण बैंक का क्रियान्वयन JSLPS द्वारा गठित सक्षम स्वयं सहायता समूह Enterprises/Lamps/ Pacs/ FPOs /Village Organization (V.O.)/कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जाएगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है। विदित आवेदन पत्र दिनांक 07.09.2026 तक जमा किया जा सकता है।

Sl. No.	Name of Agriculture/ Equipment	Physical Target OSP	Physical Target TSP	Maximum subsidy as per SMAM Guidelines (Rs. In Lakhs)
1	2	3	4	5
1	महिला समूह/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य समूहों (ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक स्थापना हेतु)	6	6	80 प्रतिशत या अधिकतम 8.00 लाख रू0
	व्यक्तिगत कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का नाम			
2	Power Tiller (8 BHP & Up to 11 BHP)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 1.60 लाख रू0
3	Power Tiller (Above 12 BHP)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 1.92 लाख रू0
4	Self Propelled Power Weeder (Below 2 BHP)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.48 लाख रू0
5	Self Propelled Power Weeder (2 BHP & Below 5 BHP)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.64 लाख रू0
6	Self Propelled Power Weeder (5 BHP & Below 7.5 BHP & Above)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 1.36 लाख रू0
7	Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows)	1	1	80 प्रतिशत या अधिकतम 2.72 लाख रू0
8	Self Propelled Crop Reaper (4 Rows)	1	1	80 प्रतिशत या अधिकतम 1.20 लाख रू0
	Tractor/Power Tiller (Below 20 BHP) driven equipment			
9	MB Plough (Single Bottom)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.352 लाख रू0
10	Cage Wheel	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.24 लाख रू0
11	Cultivator	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.32 लाख रू0
12	Multi Crop Threshers	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.64 लाख रू0
13	Paddy Thresher	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.608 लाख रू0
	Tractor (Above 20-35 BHP) driven equipment			
14	MB Plough (Single Bottom)	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.56 लाख रू0
15	Cage Wheel	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.288 लाख रू0
16	Cultivator	2	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 0.288 लाख रू0
17	Multi Crop Threshers	1	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 2.00 लाख रू0
18	Paddy Thresher	1	2	80 प्रतिशत या अधिकतम 1.60 लाख रू0
19	Rotavator (up to 5 feet)	2	2	80 प्रतिशत या अ

लाख-लाख भोकतो बासुकीनाथ रेयाक् आसीरबाद हाताव कातेको रूवाड़ेना, सोंगे तेको इदि तोरा केदा साफा-साफी आर मोंज सुबिसता ते रेपेच् बासुकीनाथ रेयाक् उईहार

खोबोरिया

दुमका। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव ताक रे बासुकीनाथ रे भोकतोकोवाक् दुंगुत् भीड़ जावाक् काना। दिसाम रेयाक् आलाग-आलाग कोना खोन लाख-लाख भोकतो बासुकीनाथ ते पूजाई आर दाक् दुल लागित्को हिजुक् काना। नित हाबिच् ते लाख-लाख भोकतोबाबा दाक्को दुल आदेया आर ओड़ाक् तेको रूवाड़ ठीक आकाना। ओनको दो आपनार सोंगे ते बाबावाक् थुम आर भोरदानको इदि तोराकेत् गे सांवते बासुकीनाथ रेयाक् साफा-साफी, बेबोसताको रेयाक् आनाटकार सालाक् तेको रूवाड़ेना।नोआ मोंज साफा-साफी बेबोसता तायोम रे मेला टोठा रे सिञ-जिन्दाखाटाक्कान साफाई टीमाक् आडी माराङ गोड़ो मेनाक्आ। तिन दो भोकतो बाबा पूजावाय लागित् लाइन रेको तेंगोक् काना, उन दोहर-हर महादेव रेयाक् सारहाव आंदोड़ ते मेला रे छाटका गुंजराक् काना आर तिन दो भोकतो दाक् दुल काते अपनार

ओड़ाक्तेको रूवाड़ोक् काना, उन ओकते साफा-साफीयेत्कान टीम दोआपनार कामी रेको लागावकोक् काना।भोकतोकोवाक् हिजुक्-सेनोक् एहोबोक् लाहा खोन गे साफाईकर्मी दो मेला टोठा रेयाक् आसोल डाहारको, लाइन जायगाको, मंदिरआडे-पासे रेयाक् जायगाको, शिवगंगा सांवते एमान तेयाक् आसोलजायगाको साफाय रेको लागाक् काना। भोकतोकोवाक् भीड़बाड़हाक्कान सांवते साफाय रेयाक् कामी हों मित् गे तालावचालाक्कान ताहेंकाना। मित् जायगा साफाय तायोम गे एटाक् जायगा ते टीमको सेटेरोक् काना आर लाकती पाड़ाक् रे ओना जायगा रेदोड़हा ते ओना जायगाको साफायेत् काना।बासुकीनाथ रेयाक् साफा-साफी दो एकेन साफा-साफी जेलोक् वाला सोड़ोक रेयाक् काहनी दो बाय लायेत् काना, बिचकोम ओना तायोम रे चालाक्कान खाटाव रेयाक् काहनी मेनाक् आकादा। भीड़ ताला रे माईला साफाय, ओना निट आकात् जायगा रे गिडीय आरसार्वजनिक जायगाको रेयाक् बेबोसता एमान दो दिनाम-दिनाक् कामी बेनाव ठीक आकाना।

श्रावणी मेला लेकान लाटु ओक्राम रे दिनाम दिन आयमा लेखा रेभोकतोको हिजुक्-सेनोक् काना। एन काते रे हों मेला टोठा रे साफा-साफी बेबोसता बेनाव दोहोय रेयाक् मित् जिमाबारी काना। जिला प्रशासन सेच् खोन साफा-साफी बेबोसता बेनाव दोहोय लागित् तेआयमा लेखा रे साफाई कर्मीको बाहाल आकात्कोआ। सफाई कर्मी दोआपना निट जायगाको रे मित् गे तालाव लागियापाड़ाव ताहेंकातेसाफा-साफी दोहोय रेको जुटावाकाना।आयमा धाव ते नोडका बुझाक् काना जे भोकतोकोवाक् भीड़ ताला रे साफाई कर्मी दो बाको जेलोक् काना, मेनखान ओनकोवाक् कामी दो पुराउ मेला छाटका रे जेलोक् काना। साफा-साफी डाहार,साफा-साफी सार्वजनिक जायगा दो ओनकोवाक् खाटाव गेय लाईयेत् काना।

बाबा बासुकीनाथ रेयाक् नगरी तेको हिजुक्कान मिमित् भोकतो गेनोंडे खोन आपनाराक् मित् उईहार दोहो कातेको रूवाड़ोक् काना। नित हाबिच् ते लाख-लाख भोकते बाबा बासुकीनाथ रे दाक् दुलकाते आपनार ओड़ाक् तेको रूवाड़ ठीक आकाना। ओनको दोबाबावाक् थुम हाताव कातेको रूवाड़ोक् काना सांवते बासुकीनाथरेयाक् साफा-साफी बेबोसता रेयाक् दिसा हों आपनार सोंगे तेको इदि तोरायेत् काना।जिला प्रशासनाक् कुरूमुटू मेनाक्आ जे बासुकीनाथ ते हिजुक्कान

मिमित् भोकतो नोंडेनाक् साफा-साफी, सुरक्षित आर मोंज ओनोरोलको जाम, नोआ लागित् ते साफा-साफी टीम सांवते जोतो विभाग मित् गे तालाव मित् दोसारको तुलुचको कामीयेत्कान ताहेंकाना।

तुरूई गोटेच् दिसामको रेन राजदूत दो राष्ट्रपति मुर्मू ठेनको, सोदोर केदा आकोवाक् उपरूम

खोबोरिया

नावां दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो सोमवार हिलोक् राष्ट्रपति भवन ओड़ाक् रे तुरूई गोटेच् दिसामको रेन राजदूतको आर उच्चायुक्तआक् उपरूम साकामे आँगोच केत्ताकोआ। नोआ रे दक्षिण सूडान, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, मोल्दोवा, जर्मनी आर स्वीडन रेन राजनयिक सेलेत् मेनाक्कोआ। राष्ट्रपति भवन लेकाते, राष्ट्रपति भवन रेओरामेन मित् सेमेलेत् रे दक्षिण सूडान रेन राजदूत सिटोना अब्दुल्लाउस्मान, संयुक्त अरब अमीरात रेन राजदूत अब्दुला सैफ अली स्लेयेमअलनुआइमी, नाइजीरिया रेन उच्चायुक्त मुह मद सैदु

दाहिरू आर मोल्दोवारेन राजदूत इंगा इओने सिंई ताकोको दो राष्ट्रपति ठेन आपान-आपिन उपरूम साकामको सोदोर केदा।

बारया टेराक आमने-सामने ठोकोरेना, पोन घंटा धाबिच् केबिन रेकिन फासाव ताहेंयेना डायबोर आर खालासी

खोबोरिया

रामगढ़। रांची-पटना आसोल होर रे रामगढ़ रे मेनाक् गोबरदरहा चौक सोर रे सोमवार हिलोक् बारया टेरा आमने- सामने भिड़ाउ ठोकोर एना। घोटोना रे पाइल लोड टेराक डायबोर आर खालासी केबिन रेकिन फासाव एना। पासेच् पोन घंटा आडी कुरूमुटू काते गेकेबिन खोनको ओडोक दाड़ेयात्किना। नुकिन रानकिन लागित् सदरहासपाताल तेको इदी केत्किना, नोण्डे प्राथमिक रान रेहेत् काते मोंजते रानकिन लागित् रि स तेको रेफर केत्किना। रांची खोनहजारीबाग सेच् हिजुक् पाइप लोड टेराक नोमबोर यूपी 41 बीटी 4778गाडी दो गोबरदरहा चौक सोर रे सामाङ सेच् खोन हिजुक् टेराक नोमबोर जेएच 10 सीएम 0221 गाडी साँवते सिधाते भिड़ाउ ठोकोर एना।आडी मुरूक ठोकोर ताहेंकाना

जे पाइप लोड टेराक रेन डायबोरमुलायम यादव आर खालासी हरिकेश यादव, बानारगे केबिन रेकिन फासाव ताहेंयेना। घोटोना बाडाय सांवते गे पुलिस ताक रेको हेच् एना।पुलिस दो एनएचएआई रेन रेस्क्यू टीम आर टोठारिया होड़ाक् गोड़ों ते खलासी हरिकेश यादवको ओडोक केदेया आर सदर हासपातालको कोल केदेया। नोते पासेच् पोन घंटा आडी कुरूमुटू तायोम गे डायबोर मुलायम यादव हों केबिन खोन बाहरेको ओडोककेदेया। गाहिर हालोत जेलकाते पाहिलरे रान बाड़ाकेत्किन तायोमरि स तेको रेफर केदेया। घोटोना तायोम रांची-पटना आसोलहोर रे गाडीको लाइन एना आर पोन घंटा धाबिच् गाडी हिजुक् चालाक् आकोट एना। पुलिस दो रापुत्एन गाडी सोड़ोक खोनकोओचोक् ओचोकेदा आर गाडी हिजुक् चालाक् एहोप् एना।

पलामू रे सखी मंडल रेन दीदिकोवाक् राखी आखरिञ केंद्र एतोहोप् एना 40 हजार राखी बेनाव रेयाक् जोस

खोबोरिया

पलामू। जिला रेन उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत दो सोमवार हिलोक् समाहरणालय छाटका रे झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जेएसएलपीएस रेन सखी मंडल दीदिको होतेते बेनाव राखीको उदुग सांवते आखरिञ केंद्र एतोहोप् एना। कामीहोरा दो सखी मंडल रेन मित्टेन दीदी होतेते उपायुक्त तीरे राखी तोलाय साँवते एहोप् एना। इना तायोमउपायुक्त दो फीता कापची काते आर राखी उदुक् सोदोर कातेआखरिञ केंद्रए उढ़ाउ केदा। नोआ ओपसोर रे उपायुक्त दोय मेनकेदा जे सखी मंडल रेन दीदिको होतेते बेनावाकान राखी दो टोठारियामायजिवकोवाक् हुनार आजीविका साँवते जोड़ावको पोंथा रे जारूड़आनाक् पोंथा काना। उनी दो जिलावासीको ठेने आरोजेना जे समाहरणालय छाटका रे आखरिञ केंद्र छाडा सोर रेयाक् संकुल खोन हों सखी मंडल रेन दीदिको होतेते बेनाव राखी किरिञपे आर टोठारिया गोगो दोलाक् कुरूमुटू उदगाउपे। उपायुक्त दोय लाई केदा जे निया बोछोर सखी मंडल रेन दीदिको होतेते 40 हजार राखीबेनाव रेयाक् जोसतेत् दोहो आकाना। निहाली जिला रेयाक् पे प्रखंड लेस्लीगंज, पड़वा आर नावाबाजार रे सखी मंडल दीदिको राखीकोतेयारेत् काना। बेनाव राखी दो जिला रेयाक् जोतो प्रखंड रे संकुल होतेते आखरिञ होयोक् काना, जेमोन जासती खोन जासती होड़धाबिच् गोगो दोलाक् बेनाव सामान सेटेर दाड़ेयाक्। मेन केदाय जेसखी मंडल दीदिको जुदा जुदा राखी सामान बेनाव काते आकोवाकआजीविकाको केटेचएत् काना। कामीहोरा रे उप विकास आयुक्तसादात अनवर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी केरकेट्टा, जिला प्रबंधकनवल किशोर राजू, इमरान अहमद, मिथिलेश कुमार, अ तर अंसारी,अवकेश खलखो, शेखर लाल आर बीपीओ सुनील कुमार घालोक् एटाक् आरकोको सेलेत् एना।

चक्रधरपुर रे मारेनाक् नगर परिषद ओड़ाक् भितरी खोन कोड़ावाक् मांड़ीं ञामेना, पुलिस दो जांचको धुरावेना

खोबोरिया

पश्चिमी सिंहभूम। जिला रेयाक् चक्रधरपुर रे सोमवार हिलोकमारेनाक् नगर परिषद कार्यालय ओड़ाक् भितरी रे मित्टेन कोड़ावाक् मांड़ीं ञामेन ते इलाका रे चाँवमाराव एना। मांड़ीं ञामेन बाडायकाते ताक रे आयमा होड़को हेच् भीड़ केदा। बाडाय केत्तायोम चक्रधरपुर थाना पुलिस ताक रेको सेटेरेना आर मांड़ींकाबजा काते जांचको एहोप् एना। पुलिस लेकाते, आदोम टोठारिया होड़ दो मारेनाक् नगर परिषद ओड़ाक् भितरी रे कोड़ावाकमांड़ीं मेनाकको जेल केदा। आडी घाड़िच् तायोम जाहांन हलचलबाडलेन रे होड़ दो सोर खोनको जेल केदा तोबे गोच् गेयायको ञामकेदेया। इना तायोम पुलिसको खोबोरात्कोआ। पुलिस टीम दोघोटोना ठांव जेल ओनमान काते ओण्डेन होड़को कुलीकेत्कोआ। पुलिसको लाई केदा जे गोचएन दो पासेच् 30-35 उमाररेन कानाय। निहाली उनी बाको जेल पाछनाव दाड़ेयाकादेया। इना सोर रे कोड़ावाक् उपरूम काथाको जुटावेत् काना आर होय दाड़ेयाकठिकानाको रे हों पता लागावको कुरूमुटुयेत् काना। चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमारे लाई केदा जे मांड़ींयाक् बाजाव चिंहा जाहांन पुसटाउ निसाना बाङ ञाम आकाना।

कोड़ा दो चेत् कारोन तेयगोच् एना, नोआ गे पुलिस दो जुदा-जुदा बिंदुको रेको जांचेत् काना। पुलिस दो मांड़ीं पोस्टमार्टम लागित् चक्रधरपुर अनुमंडलहासपाताल तेको कोल आकादा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् तायोम गे गुजुक् रेयाक् सारीयाक् कारोन बाडाय दाड़ेयाकआ। पुलिस दो गोचइच् पाछनावे सांव-सांवते नोआ होंको जांचेत् काना जे कोड़ा दो मारेनाक् नगर परिषद ओड़ाक् र चेत् लेकातेय सेटेर लेना आर उनीचेकातेय गोच् एना।

हरियाणा रेयाक् कुरूक्षेत्र रे बाहूकुड़ी दो आच् जावाँयाक् लाच् गेत् चिरा केत्ताया, होड़मो उप् तेंगोक्आक् गोचकांड घोटोना

खोबोरिया

कुरूक्षेत्र। हरियाणा रेयाक् कुरूक्षेत्र खोन आठवार हिलोक् मित्टेन नोडकान होड़मो उप् तेंगोन लेकान घोटोना सामाङ हेच् आकाना, ओकादो पुरा इलाका रे काथा पासनाव आकाना। मित्टेन मायजिव दो आच् जावाँय गेय गोच् आकादेया। मायजिव दो आच् जावाँयाकलाच् गेत् चिराकाते आंतए ओडोक केत्ताया आर मित्टेन थाइलाक् रेय भोरावकादा। नोआ घोटोना दो उन रे बाडायेना तिनरेओड़ाक् मालिक आचका गे ओण्डेय हेच् एना। इना तायोम काथा दो सानामको बाडाय केदा। टोठारिया रिपोर्टको लेकाते, गोचएनराजेश ओकादो आसोल रूप ते उत्तर प्रदेश रेयाक् सीतापुर जिलारेने ताहेंकाना, आच् बाहू विमला सांवते कुरूक्षेत्र रेयाक् पेहोवा रोड रे मेनाक् मित् भाड़ा ओड़ाक् रे पासेच् मित् बोछोर खोनकिनताहेंनकान ताहेंना। राजेश दो मित् वॉटर ट्रेडिंग कंपनी रेयाक् सप्लाई डिपार्टमेंट रेय कामीकान ताहेंना। बापला काते आयमाबोछोरकिन बिताउ आकात् ताहेंना, मेनखान गिदरा दो बाकोताहेंकानताकिना। बाडायाकान लेकाते, ओड़ाक् मालिक गे आच् सामाङ रे तेंगोवाकान जेलकाते विमला दो पुराउतेय बोतोरेना आरतुरांत गे छत चोट खोने दोन केदा। चाहेदो, बाय दाड़ दाड़ेयादा आरे घाल एना। राने लागित् हासपाताल रेको भारती आकादेया आरपुलिस दो उनीयाक् बयान ओल राकाबको कुरूमुटुयेत् काना, दोनहासो घाल आकान तेय जाहांन रोड़ बाङ बाडाय आकाना। ओड़ाकमालिक होंय लाई केदा जे ताक ताक रेकिन झागड़ा बाड़ाक्कान ताहेंना, ओकादो बापला जियोन रे टेंसोन रेयाक् संकेत ताहेंकाना। नोआ छाडा, विमला देवीयाक् झाड़ फूंक ओङ तोनतोर मोनतोर लेकान कामी रे होंय सेलेत् ताहेंकान बाडाय आकाना, ओकादो नोआ गोचकांड रेयाक् जोस मित्टेन होय दाड़ेयाकआ।

विश्व टेस्ट चैंम्पियनशिप रे भारत सेच् खोन आडी जासती रन बेक्नाविच् बल्लेबाजे बेनावेना ऋषभ, शुभमन दो दोसार नोमबोर रे

खोबोरिया

कोलंबो। भारतीय क्रिकेट रेन आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो श्रीलंका खिलाफ दोसार क्रिकेट टेस्ट मैच रेयाक् पाहिल पारीरे अर्धशतक लागाव साँवते गे मित् माराङ रिकॉर्डए आयाक् जुतुम आकादा। नित ऋषभ दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रे भारतीय टीम सेच् खोन आडी जासती रन बेक्नाविच् बल्लेबाजे बेनाव आकाना। नोआ साँवते गे उनीदो भारतीय टीम रेन कप्तान शुभमन गिल होंय तायोम आकादेया। मैचरेयाक् पाहिल दिने मांड़कावलेन रेहों, ऋषभ दो दोसार दिन श्रीलंकाई गेंदबाजकोय जोबाबात्कोआ। आयाक् अर्धशतक सालाक् गे ऋषभ दो शुभमनए तायोम केदेया। नोआ एनेम सांवते गे नित दो ऋषभाक् जुतुमडब्ल्यूटीसी रे जोतोते 2947 रन होय आकाना। नोआ रन उनी दो 42 मैच रेयाक् 74 पारीको रे 42 खोन जासती औसत तेय बेनाव

आकादा, नोआ रे 6 शतक आर 17 अर्धशतक सेलेत् मेनाक्आ। नोते, दिग्गज बल्लेबाजविराट कोहली 46 मैच रेयाक् 79 पारीको रे 35.36 औसत ते 2617 रन बेनावकाते मोड़ेंयाक् पायदान रे मेनाया, उनीयाक् जुतुम 5 शतक आर 11 अर्धशतक दर्ज आकाना।

मसलिया : एटिक भवन रे चासी बोयहाको एमात्कोआ फसल बीमा आर डिजिटल क्रॉप सर्वे रेयाक् बानाडाय

खोबोरिया

मसलिया। मसलिया प्रखंड रे मेनाक् एटिक भवन रे ओतेमाहां हिलोक् चासी बोयहको लागित् फसल बीमा योजना आर डिजिटल क्रॉप सर्वे बाबोत रे जागवार कामीहोरा ओरामेना। कामीहोरा रे चासी बोयहा दो फसल बीमा रेयाक् पोरहो, होरा आर चासीको जाम वाला सुबिसताकोबाबोत रे मोंज तेको लायात्कोआ। दुपुडुप् रेको लाईयात्कोआजे फसल बीमा दाराय ते सिरजोनिया दोरलोय, सूखा, आरिल एमान सांवतेएमान तेयाक्



ओजेको ते चास-बास रे होयोकआक् लुकसानको रेयाकओबोसता रे चासीको काउडी गोड़ोको जाम दाड़ेयाकआ। चासी दोओकाको चासको बीमा ओचो दाड़ेयाकआ आर नोआ लागित् तेजारूड़ोकआक् होरा चेत् काना, नोआ रेयाक् हों बानाडायको एमात्कोआ। नोआ छाडा डिजिटल क्रॉप सर्वे रेयाक् मोहोत बाबोत होंमोंज तेको गालमाराव केदा। लायात्कोवाको जे भारत सरकार सेचखोन चालाक्कान नोआ मोहोतानाक् सर्वे कामी दो खेत रे लागावाकान चासबासको रेयाक् आसोल आर डिजिटल आंकड़ा बेनाव लागित्कोचेतायेत् काना। नोआ तारी रे ओका टोठा रे तिनाक् रकबा आरओकाटाक् चास लागावाकाना, नोआ रेयाक् सही ओनमान होयोकआ।अधिकारी दो चासी बोयहाको मेतावात्कोआ जे ओनको दो आपान-आपिनपंचायत आर आतो रे चासीको फसल बीमा आर डिजिटल क्रॉप सर्वेरेयाक् काथाको लायाकोमा आर जासती खोन जासती चासी योजना रेयाक् पोरहो हाताव लागित्को उसकुरको।

कोद दारे 02

(काहनी)

- बाबूजी सोरेन ''बिरबाहा''

(तोंगेयाक्) तेसार हिलोक् बागवान डिपाट खोन आडी केटेच् जोबाब हेच् एना। बागवान डिपार्ट रेन सेकरेटरी आडी खारगांव हाताङ रेन होड़े आईकावेना। कोल केदाय हाहाड़ा रेयाक् काथा काना जे सोरकार नेबेतार दारे रोहोय रेयाक् लाटू-लाटू स्कीमे चालावेत् काना आर आबो दिसोम रे नोडकान अफसर हों मेनाक्कोआ, ओकोय दोजो-दारे माग रेयाक् सालहा एम काते फाइलको खुलावेदा। ओना हों फोलान कोद दारे, ओका रेयाक् बेलेको कोद बेले सानाम होड़ आडीरूय सालाक्को जोमेत् काना। इञाक् डिपाट जाहांन हालोत रे गे फोलान दारे माग रेयाक् हुकुम दो ओहोञ एम लेना। आदो नितोक् चेत् चेकाय होयोकआ? मित् होड़ दो निसड़ाड कातेय मेन केदा- जुदि दारे बाबोन माक्दाड़ेयाक् खान नुई होड़ गे माक् कुटरा कातेबोन ओचोगेया।आदहा होड़मो नोते खोन आर आदहा हान्ते खोन। ''मेनेक नोडका तेमाञ गुजुकआ। तेन आकान होड़ दोय बिरूद केदा।'' ''नुई हों ठीक गेय मेन एदा। मित्टेन किरानीय रोड़ केदा। होड़मो माक् कुटरा काते ओडोके रेयाक् सालहा एमोकइच् होड़ दो बिरूद तुलुचए रोड़ केदा- आम बाम बाडाया? नेबेतार पलास्टिक सर्जरी काते कुटरा होड़मो आर होंको जोड़ाव रूवाड़ दाड़ेयाक् काना। नुईयाक् सालहा लेकाते फाइल दो मेडिकल डिपार्ट तेको कोल केदा। मेडिकल डिपार्ट दो आडी उसारा फाइल चेतान सेचको बाड़हाव केदा आर एन हिलोक् गे डिपार्ट रेन जोतो गाखुड़ चिर-फाड़ डॉक्टर(सर्जन) ठेन तोजबीज लागित्को कोल केदा। गाखुड़ सर्जन दो तेन आकान होड़ निपुट मेनाया से बाङ, बाडाय लागित् मायाङ रेयाक् जोर (ब्लड प्रेसर), ब्लड सुगर, साहेंत् एमान जांच काते रिपोर्टए तेयार केदाआरे कोल केदा- नुई होड़ाक् प्लास्टिक सर्जरी आपरेशन होयदाड़ेयाकआ आरे जोड़ाव दाड़ेयाक् गेया। मेनखान, होड़ दो बाय बामचावोकआ। गुजुक् गेयाय। ओनाते नोआ तोजबीज दो बाको बाताव लेदा। जिन्दा सेच् माली दो तेन आकान होड़ खिचड़ी आजोवाये तुलुचए लाई आदेया- आमाक् मामला चेतान साहेब ठेन चालाव आकाना। आमजोम आकाना

बाडमा सेकरेटेरियट रेन सानाम सेकरेटरीको मिटिंग लागित्। ओना मिटिंग रे गे आमाक् मामलाको दोहोया। आसोक् कानाञ आमाक् कामी ठीक गे होयोकआ। तेन आकान होड़ दो हाय-निसास काते बाई माछा तेय रोड़ - बाडायकान गेयाञ बापे आड़ाक् गिडिञ काना, मेनेक बामचाव-बामचाव ते गे इञाक् मुचात् खोबोरपे ञामा। माली दो नोडकान काथा आमजोम कातेय भाड़ोयेना। चेले हो आम दो ओनोड़हिया (शायर) काना? तेन आकान होड़ दो बाई माछा बोहोकए डुबुक् केदा।तिन रे नोआ बाडाय ञाम एना जे तेन आकान होड़ दोय ओनोड़हिया काना, तोबे सेकरेटोरियट रेयाक् लातार कमिटि दोय फसला केदा- तेन आकान होड़ दोय ओनोड़हिया काना, ओनाते नुईयाक् मामला दो आर जाहान डिपाट रेयाक् दो बाङ, बेरचोङ एकाल आर एकाल से कलचरल (संस्कृति) डिपाट रेयाक् काना। नुईयाक् फाइल दो नियाम पांजा काते सेरेञ-दुराङ आर आरीचाली लागचार डिपाट(कला एवं संस्कृति विभाग) रेन सेकरेटरी ठेन सेटेर एना। बाडाय ञाम तोरा सेकरेटरी साहेब गाडी रे देच् काते आडी उसारा तेन आकान होड़ ठेने हेच् एना आर इंटरव्यू (कुकली) हातावे एहोप् एना- ''आम दोम ओनोड़हिया काना?''

''हें'', तेन आकान होड़ दोय तेला केदा। ''आमाक् सांवहेतिया ञुतुम दो चेत् काना?''''सिरजोन'' हाहाड़ाक् सालाक् सेकरेटरी दो किकयाउ आतेय रोड़ केदा- तोबे आमाक्कान गेया ओना सिरजोन साज ओनोड़हें पुथी दो, ओका दो नियाहाली आडी नामडाक आकान। तेन आकान होड़ दो बोहोकए डुबुक् केदा। चेले हो आलेयाक् आकादमी रेन रासिया हों कानाम? तिनाक् हाहाड़ा काथा! सेकरेटेरी आंट माछाय रोड़ केदा- उन माराङ ओनोड़हिया आर आलेयाक् आकादमी रेन रासियाय बाङ काना। ओह! तिनाक् माराङ भूल होयेना। उन माराङ ओनोड़हिया आर नुईयाक् ञुतुम ञागाल ञुत रे तेन आत् आकाना।''ञुत रे दो बाङ दारे तेञ तेन आकाना। दाया काते तेन खोन साहाड़िञपे, ओनोड़हिया दोय नेहोर एना। नित गेञ बोन्दोबोस एदा नाहाक् आर रूवाड़ सेन काते आयाक् डिपाट रे रिपोर्टए दाखिल केदा।दोसार हिलोक् सेकरेटरी दो हारे-फारेय हेच् एना आरे मेन केदा-ओनोड़हिया जी! मानोत साकाम आताडमे। आम दो आलेयाक् चेतान

कमिटि रेन रासियाले बाछावकेत्मेया। ''मेनखान तेन खोन थोर ओडोकिञपे। तेन आकान होड़ दो रोरोड़ तुलुचए मेन केदा।'' उनी दो मुसकिल तेय साहेंत् दाड़ेयाक्कान ताहेंकाना। ''नोआ दो बाञ चेका दाड़ेयाकआ, इञाक् तिनाक् आईदारी ताहेंकाना ओना दोञ कामी केदा। जुदि आमेम गोच् तानेच् लेनखान आमरेन ओड़ाक् होड़ गोड़ो टाका (वजीफा) दोञ एम ओचो दाड़ेवाया।ओना हों आम जुदिम आंगोच लेखान। ''नित दोञ जिवात् गेया। जिवात् दोहोयिञपे।'' सेकरेटरी हाययोक् तुलुचए मेन केदा- मुसिकल दो नोआ काना जेइञ दो एकेन कलचरल डिपाट रेन सेकरेटरी कानाञ। नोआ कामी लागित् दो फोरेस्ट डिपाट (बिर विभाग) अरजेंट (आडी चांड) चिठीञ कोल आकादा। आयुप् सेच् माली दो तेन आकान होड़े लाई आदेया- गापा बिर डिपाट रेन होड़ दारेको माक् ओचोगा आर आमाक् जिवीबामचावोकआ। नोआ काथा माली आडी रासका सालाकए लाई केदा। मेनखान तेन आकान होड़ाक् तबीयत बाड़िच् इदिकानताहेंकाना। सेताक् हाबिच् जाहां लेकाते जिवात् ताहेंन रेयाकएकुरूमुटूया- तेन आकान होड़ दो मोने-मोन तेय मेनआना।दोसार हिलोक् बिर डिपाट रेन होड़ दारे माग लागित्को हेच् एना। आरी-टेंगोच् एमानको आगु दारा आकादा। मेनखान दारे माक्को रोकावकेत्कोआ। बाडाय ञाम एना बाडम बिदेश मंत्रालय (एटाक् दिसाम सो पोक डिपाट) खोन हुकुम हेच् आकाना जे नोआ दारे दो आलोको मागमा। एन्तेत् गेल सेरमा माड़ाङ रे पिटोमिया दिसाम रेन माराङ मान्तरी (प्रधानमंत्री) ए हेच् लेन रे नोआ दारे सेकरेटेरियट छाता रेय रोहोय लेदा। जुदि नोआ दारे माक् लेनखान, पिटोमिया दिसोम रेनचाकलाव-बाकनावको (हुकुमत) सोंगे आबोवाक् सुलुक सागाई जाय-जुग लागित् बाड़िच् उतारोकआ।

''मेनखान मित्टेन होड़ाक् जियोन-मोरोन रेयाक् सोवाल काना। मित्टेन किरानी दो एदरे सालाकए रोड़ केदा। ''दोसार सेचबारया दिसाम हुकुमाताक् सुलुक-सागाई रेयाक् सोवाल काना। दोसारिच् किरानी दोय लाई बुझावादेया। चेत् नोआ सुलुक सागाई जोड़ाव दोहोय लागित् मित् होड़ाक् जिवी बाबोन आलाय दाड़ेयाकआ?मित् ओनोड़हियाय गुजुक् ते दो चेत् चेकाकआ? नोआ हों बुझाउमे पिटोमिया हुकुमोत आबो दिसाम रेन हुकुमोत तिनाकए गोड़ोवाय काना।अंडर-सेकरेटरी साहेब दो सुपरिटेन्डेंटए लाई आदेया- आबो दिसाम रेन माराडमान्तरी एटाक् दिसाम दाड़ां काते तेहेञ सेताकए रूवाड़ हेच् आकाना। ओना दारे माक् रेयाक् फाइल उनीसामाङ रेको दोहोया। जाहां गेय फसलाई ओना गे बाताव होयोकआ। आयुप् बेरा मोंड़ें टाड़ाङ ओकते सुपरिटेन्डेंट साहेब आयाक् ती रे ओनोड़हियावाक् फाइल साप् काते रासका सालाक् फाइल हिलाउ तुलुचए मेन केदा- आमजोम एदाम हो। माराङ मान्तरी दारे माग रेयाक् हुकुमे एम एना। सुलुक सागाई बाड़िजोक् रेयाक् सानाम भार आच् चेतान रेय लादे केदा। गापा नोआ दारेको माक् ओचोगा आर आमाक् मुसकिल दो चाबा उतारोकआ। तेहेञ आमाक् फाइल रेयाक् कामी दो मुचात् एना। सुपरिटेन्डेंट दो ओनोड़हियावाक् ती सोपोय हिलाउ केत्ताया,मेनखान ती एकाल रेयाड़ चाबा आकान ताहेंना। मेंत् पिपनी हों बेंगेत् थिर गे ताहेंकाना। मोचा रे मुंच् बोलोक् लागित् जेलेञको लार आकान ताहेंकाना। उनीयाक् जियोन रेयाक् फाइल हों मुचात् एना।

(हिन्दी साहित्य रेन नामडाक कथाकार कृष्ण चंदार ओलाक् ''जामुन का पेड़'' काहनी रेयाक् संताली तोरजोमा। साभार।)

बाबा बासुकीनाथ में उमड़ी भीड़, अंतिम सोमवारी पर चाक-चौबंद रही पुख्ता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव की चौथी और अंतिम सोमवारी पर बाबा बासुकीनाथ के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन और अर्घा के माध्यम से जलार्पण करते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम जलार्पण को लेकर जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाएं पूरी तरह सक्रिय रहीं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अर्घा के माध्यम से जलार्पण की व्यवस्था की गई है। कतार में लगे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाते हुए कम समय में जलार्पण कराने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से तैनात रहा।

स्वास्थ्य सेवाएं अलर्ट मोड पर

अंतिम सोमवारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमें भी पूरी तरह सक्रिय रहीं। मेला क्षेत्र में बनाए गए स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और जरूरी चिकित्सा संसाधन किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखे गए हैं। भीड़ और गर्मी के बीच श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

बिछड़े श्रद्धालुओं को अपनों से मिलाने में जुटी सूचना टीम

मेला क्षेत्र में सूचना सहायता कर्मी भी लगातार श्रद्धालुओं की मदद में जुटे रहे। रास्ता भटकने, आवश्यक जानकारी लेने अथवा परिजनों से बिछड़ने की स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता दी जा रही है। सूचना केंद्रों और प्रतिनियुक्त कर्मियों के समन्वय से बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का प्रयास जारी रहा।

शिवगंगा में एनडीआरएफ की पैनी नजर

शिवगंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ की टीम मुस्तैद रही। जल क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए टीम तैयार रही। श्रद्धालुओं से निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करने तथा सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की गई।

स्वच्छता कर्मियों ने संभाला मोर्चा

मेला क्षेत्र को स्वच्छ और श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाए रखने के लिए सफाई कर्मियों की टीमें लगातार काम करती रहीं। भीड़ के बीच कचरा उठाव, साफ-सफाई और जरूरत के अनुसार तत्काल सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्वच्छता कर्मियों ने आस्था के इस महापर्व में सेवा और स्वच्छता दोनों की जिम्मेदारी निभाई।

हर मोर्चे पर प्रशासन की कड़ी निगरानी

अंतिम सोमवारी को लेकर मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं की कतार, मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों, भीड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी गई। किसी भी स्थिति में त्वरित समन्वय और कार्रवाई के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल तैयार रहे।

कंट्रोल रूम से डीसी ने खुद संभाली कमान

दुमका। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के चौथे और अंतिम सोमवार को बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस खास मौके पर विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा खुद एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने बासुकीनाथ स्थित नियंत्रण कक्ष पहुंचकर पूरे मेला क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में लगे हाई-टेक सीसीटीवी कैमरों के जरिए उपायुक्त ने हर संवेदनशील प्वाइंट, श्रद्धालुओं की लंबी कतारों और जलार्पण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारियों से पल-पल की रिपोर्ट ली और निर्देश दिया कि भीड़ के दबाव को देखते हुए सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के सुगम दर्शन कराने के लिए उपायुक्त ने अर्घा के माध्यम से कतारबद्ध जलार्पण व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के लिए कहा गया है।

पीपल का पेड़ टूटकर गिरा, बाल बाल बचे टोटो में सवार कांवरिया

जरमुंडी । जरमुंडी नीचे बाजार में पुराना एसबीआई बैंक के पास सोमवार की शाम एक बड़ी घटना टल गई। बासुकीनाथ देवघर मुख्य सड़क पर पीपल के पेड़ की एक विशाल डाली टूटकर सड़क के बीचोबीच गिर गई। जिससे सड़क से गुजर रहे कांवरियों से भरी एक टोटो हादसे का शिकार होते होते बच गई। ऐन वक्त पर चालक द्वारा टोटो को रोक लेने से उसमें सवार कांवरिये पीपल की विशाल डाली की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। वृक्ष की डाली गिरने से इसकी चपेट में विद्युत खंभा एवं तार टूटकर गिर गया है। जिससे आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। वहीं सड़क के बीचोबीच पीपल की विशाल डाली गिरने से आवागमन बाधित हो गई है। कांवरिया वाहन एवं यात्री वाहनों को दूसरे रूट से भेजा जा रहा है। सोमवार की शाम करीब 6ः00 बजे हुई इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचित किया इसके बाद विद्युत आपूर्ति का कनेक्शन काटा गया। सूचना पाकर जरमुंडी थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को अपने नियंत्रण में लेकर पेड़ की डाली का हटाकर आवागमन को सुचारू बनाने की प्रक्रिया में जुट गई है।

साड़ी पल्लू बना काल : राशन लेकर लौट रही मां-बेटा बाइक से गिरे, मां की हालत गंभीर

गोपीकांदर। गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना क्षेत्र के काली मंदिर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे मां-बेटा अचानक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान सिलंगी पहाड़ निवासी 38 वर्षीय लीलावती देवी और उनके 20 वर्षीय बेटे सरवन देहरी के रूप में हुई है। घायल बेटे सरवन देहरी ने बताया कि वह अपनी मां लीलावती देवी को राशन कार्ड का चावल उठाने के लिए गोपीकांदर अंगूठे का निशान दिलाने लाया था। डीलर के पास फिंगर लगाने के बाद दोनों अपनी होंडा बाइक से वापस घर सिलंगी पहाड़ लौट रहे थे। इसी दौरान काली मंदिर के पास मां की साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिये में फंस गया। इससे बाइक पूरी तरह असंतुलित हो गई और दोनों सड़क पर गिर गए। सिर के बल गिरने के कारण लीलावती देवी मौके पर ही बेहोश हो गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर रवि शंकर प्रसाद ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने मामूली रूप से घायल बेटे सरवन देहरी को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। वहीं, गंभीर रूप से घायल महिला लीलावती देवी के सिर, कान और गर्दन में गहरी चोट आई है। उनकी नाजुक हालत और सीटी स्कैन की जरूरत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है, जिसके बाद परिजन उन्हें निजी वाहन से दुमका ले गए।

बीपी मंडल जयंती समारोह का आयोजन 25 अगस्त को

दुमका। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा, संताल परगना, दुमका की ओर से सामाजिक न्याय एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के प्रबल योद्धा बी.पी. मंडल जी की जयंती समारोह का आयोजन 25 अगस्त, मंगलवार को किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष श्री असीम कुमार मंडल करेंगे। समारोह का आयोजन दोपहर 2 बजे से पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय, बंदरजोरी, दुमका में होगा। मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं समर्थकों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बी.पी. मंडल जी के विचारों एवं सामाजिक न्याय के संघर्ष को मजबूत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बी.पी. मंडल जी ने पिछड़े वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनकी जयंती सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रति संकल्प को दोहराने का अवसर है।

बासुकीनाथ में फूड सेफ्टी टीम ने 100 किलो पेड़ा समेत 109.5 किलो खाद्य पदार्थ किया नष्ट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जरमुंडी । राजकीय श्रावणी मेला में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फूड सेफ्टी टीम ने सघन जांच अभियान चलाया।उपायुक्त के निर्देश पर विभागीय टीम द्वारा नागनाथ चौक, पानी टंकी रोड और रामपुर रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच की और 11 खाद्य प्रतिष्ठानों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (एमएफटीएल) के माध्यम से पेड़ा, सोनपापड़ी व छोला के कुल 27 नमूनों की ऑन द स्पॉट जांच की गई। जांच में खाद्य पदार्थों को मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 100 किलो पेड़ा, 4.5 किलो सोनपापड़ी और 5 किलो छोला को मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को लेकर संबंधित खाद्य कारोबारियों पर कुल 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बासुकीनाथ पानी टंकी-रामपुर रोड में इलायची दाना और पेड़ा निर्माण कारखाने का भी औचक निरीक्षण किया। जांच में पेड़ा निर्माण स्थल (कारखाना) का फूड लाइसेंस नहीं पाया गया। टीम ने कारोबारी पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं कारखाने में भंडारित कई पैकेटों में फफूंद लगा पेड़ा पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम ने नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेज दिया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात संबंधित खाद्य कारोबारी पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। वहीं फफूंद लगे पेड़ा और उसके संपर्क में आए कुल 1764 किलो पेड़ा को अग्रेतर कार्रवाई के लिए विधिवत जब्त कर लिया गया है। सुरक्षा टीम ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट के आधार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

तालाब में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

गोपीकांदर । थाना क्षेत्र अंतर्गत मूसना गांव से एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां रविवार शाम को तालाब में डूबने से एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की असामयिक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद से पीड़ित परिवार और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, मूसना गांव निवासी देवीसुरी किस्कू रविवार की शाम को अपने घर के पास स्थित तालाब में बर्तन धोने के लिए गई हुई थी। उनके साथ उनकी पांच वर्षीय बेटी एमी हेंब्रम भी वहां गई थी। मां जब तालाब के किनारे बर्तन साफ करने में व्यस्त थी, तभी मासूम एमी पास ही पानी में नहाने लगी। इसी दौरान अचानक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी की तरफ चली गई। अपनी आंखों के सामने मासूम बेटी को गहरे पानी में डूबता देख मां बदहवास हो गई। चूंकि मां को तैरना नहीं आता था, इसलिए वह खुद पानी में उतरने में असमर्थ थी और उसने चिल्लाकर मदद की गुहार लगानी शुरू कर दी। मां की चीख-पुकार और शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत दौड़कर तालाब के पास पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए तालाब के गहरे पानी में छलांग लगाई और काफी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और अत्यधिक पानी भर जाने के कारण मासूम एमी की सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पल भर में उजाड़ दीं। सोमवार को ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में मृत बच्ची के शव का मूसना गांव में ही गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया।

वन विभाग ने चार बोटा सखुआ लकड़ी किया जब्त

मसलिया । मसलिया वन क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत अंतर्गत गोलपुर बुरु टोला, सापटोला स्थित मारंगबुरु पहाड़ के किनारे सोमवार को वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सखुआ पेड़ के चार बोटा लकड़ी जब्त की। कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने वालों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि मारंगबुरु पहाड़ के किनारे सखुआ के पेड़ की अवैध कटाई कर लकड़ी रखी गई है। सूचना के आधार पर प्रभारी वनपाल सह वनरक्षी अमीश कुमार साह एवं वनरक्षी अनुराग कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पहाड़ के किनारे चार बोटा सखुआ की लकड़ी पड़ी मिली, जिसे टीम ने तत्काल जब्त कर लिया। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से जब्त लकड़ी को ट्रैक्टर पर लादकर मसलिया वन परिसर लाया गया। वन विभाग द्वारा लकड़ी को सुरक्षित रखकर मामले में अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से अवैध कटाई में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा करीब एक माह पूर्व सखुआ के पेड़ को काटा गया था। बताया जा रहा है कि उक्त लकड़ी का उपयोग घर में लगाने के लिए किया जाना था।

शीघ्रदर्शनम के माध्यम से 2,050 श्रद्धालु और 3,648 डाक बम ने भी बाबा को किया जल अर्पित

दुमका। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव-2026 के 26वें दिन बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शाम 5 बजे तक कुल 1,55,206 श्रद्धालुओं ने बाबा के पवित्र शिवलिंग पर जलार्पण कर पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर सहित मेला क्षेत्र में दिनभर आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। मेला के दौरान शीघ्रदर्शनम व्यवस्था का भी श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। शाम 5 बजे तक शीघ्रदर्शनम के माध्यम से 2,050 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। वहीं, 3,648 डाक बम श्रद्धालुओं ने भी बाबा को जल अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। श्रावणी मेला के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

शिक्षा व्यवस्था बेपटरी : 50 बच्चों के लिए बना 2 किलो आलू, शिक्षिका की जगह नाबालिग बेटा पढ़ाता मिला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मसलिया । प्रखंड के शैक्षणिक क्षेत्र अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन और मध्याह्न भोजन की बेहद बदहाल तस्वीर सामने आई है। चार विद्यालयों के औचक निरीक्षण और स्थानीय स्थितियों ने विभागीय दावों की पोल खोल दी है, जिससे पोषक क्षेत्र के अभिभावकों में भारी आक्रोश है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुआटांड़ में गुणवत्ताहीन भोजन और बच्चों से राशन सामग्री ढुलवाने को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मटरू चौड़े और पूर्व अध्यक्ष मकु चौड़े समेत दर्जनों अभिभावकों ने जोरदार विरोध जताया। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 108 नामांकित बच्चों में से आने वाले 50 बच्चों के भोजन के लिए मात्र दो किलो आलू का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विद्यालय सचिव के स्थानांतरण और रसोइया को बदलने की मांग की। इधर, विद्यालय सचिव ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पिछले छह माह से एमडीएम 75 हजार रुपये की उधारी पर चल रहा है।

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोण्डरा टोला धोबना- एकल शिक्षक तारकेश्वर सोरेन दोपहर 12 बजे मोबाइल में व्यस्त पाए गए। कुल 37 नामांकित बच्चों में केवल 3 बच्चे उपस्थित थे। रसोइया नदारद थी, रसोईघर बंद पड़ा था और शौचालय झाड़ियों के बीच बदहाल स्थिति में था।

शिक्षिका दुलड़ मुर्मू की जगह उनका नाबालिग बेटा सूरज बच्चों को पढ़ाता मिला। उसने बताया कि मां की तबीयत खराब होने के कारण वह घर चली गई हैं। यहां भी तय मीनू के अनुसार भोजन नहीं बना था।

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दिकू बेदिया- विद्यालय पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आया। एकल शिक्षक रवींद्र मिर्धा विद्यालय खुला छोड़कर घर चले गए थे और बच्चे बिना ड्रेस कोड के मौजूद थे।

स्थानीय अभिभावकों हीरा मुनी मुर्मू, सुनीता मरांडी, सोनाराम चोपियर, सिला हेम्ब्रम समेत कई ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग पर लचर निगरानी और शिक्षकों को मनमानी छूट देने का सीधा आरोप लगाया है। मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जियारूल इस्लाम ने कहा कि सभी बिंदुओं की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686